● जयपुर, बुधवार 4 दिसंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 106 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 चित्तौड़गढ़ जिले में थाना भूपाल सागर पुलिस की साइबर सेल की मदद से बड़ी ....

पेज @4 नशा मुक्त जयपुर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हर संभव ...

पेज @8 जेताखेड़ी गांव में पति पत्नी ने अपने दो बच्चों के साथ सामूहिक आत्महत्या...

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

महिला सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार, पारदर्शिता के साथ हो आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

जयपुर, 03 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सुविधाओं का उन्नयन करते हुए पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ केन्द्रों का संचालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं सशक्तीकरण की योजनाओं का लाभ प्रत्येक महिला, बच्चे और परिवार तक लाभ पहुंचाना जाना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी व्यक्ति योजनाओं से वंचित नहीं रहे। उन्होंने बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कुछ क्षेत्रों विशेषकर जनजातीय में कुपोषण के समूल उन्मूलन के लिए हमें दीर्घ अवधि की कार्ययोजना पर कार्य करने की आवश्यकता है। इसी क्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दिए जा रहे पोषण आहार की निरन्तर समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार किए जाए। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को वार्षिक कैलेण्डर बनाकर आंगनबाड़ी केन्द्रों का सघन निरीक्षण करने और आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के लिए निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने शिक्षा सेतु योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को ड्रॉप आउट बालिकाओं एवं महिलाओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कौशल सामर्थ्य योजना के अन्तर्गत लाभान्वित युवाओं को स्वरोजगार सुनिश्चित करने के क्रम में अधिक से अधिक सुविधाएं सृजित करने के लिए निर्देशित किया। शर्मा ने कहा कि योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित युवाओं की नियमित ट्रेकिंग करने के लिए प्रभावी तंत्र विकसित किया जाए।

महिला एवं बच्चों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार

» मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करने के लिए नीति एवं कार्यक्रमों के माध्यमों से प्रभावी कदम उठा रही है। महिला एवं बच्चे समाज के प्रमुख अंग है, जिनके उत्थान के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। बैठक में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, मुख्य सचिव सुधांश पंत, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, शासन सचिव महिला एवं बाल विकास महेन्द्र सोनी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

लाडो प्रोत्साहन योजना से मिल रहा बालिकाओं को संबल

मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिकाओं को समुचित शिक्षा और सम्बल प्रदान करने के लिए 'लाडो प्रोत्साहन योजना' अहम है जिसके तहत हमारी सरकार बेटी के जन्म से लेकर स्नातक शिक्षा पूरी करने तक एक लाख रुपये की राशि दे रही है। राज्य सरकार शीघ्र ही इसके अन्तर्गत 1 साथ 1 लाख लाभार्थियों के खातों में प्रति लाभार्थी 2500 रूपये की किस्त हस्तांतरित करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही 'प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना' के अन्तर्गत एक साथ लगभग 70 हजार लाभार्थियों को बढ़ी हुई 1500 रूपये की अतिरिक्त राशि देने जा रही है।

आंगनबाड़ी के बच्चों को सप्ताह में मिलेगा 3 दिन दूध

शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री अमृत आहार (आंगनबाड़ी दुग्ध वितरण योजना) योजना का भी शीघ्र शुभारंभ किया जाएगा। इसके अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों पर सप्ताह में तीन दिन दूध उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार 200 करोड़ रूपये व्यय करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक ब्लॉक में एक मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का भी शीघ्र शुभारंभ करेगी।

महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की बढ़ाए संख्या

मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए जल्द ही आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिसके माध्यम से कार्यकर्ताओं को नवाचार एवं नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शर्मा ने विभाग के अधिकारियों को महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की संख्या बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इन केन्द्रों के माध्यम से 24 हजार से अधिक प्रकरणों में सामाजिक एवं पारिवारिक स्तर हिंसा से पीड़ित महिलाओं को मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की गई है।

न्यूज अपडेट

शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की बढ़ीं मुश्किलें, ईडी ने जारी किया समन

मुंबई/एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अश्लील फिल्मों के कथित अवैध वितरण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कारोबारी राज कुंद्रा को 4 दिसंबर को पूछताछ के लिए तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पहले कुंद्रा को सोमवार को पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने नई तारीख मांगी, जिसके बाद अब उन्हें 4 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा गया है। ईडी की जांच में यह मामला शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा और उनके सहयोगियों के खिलाफ चल रही है। जांच का संबंध मई 2022 में दर्ज किए गए मनी लॉन्ड्रिंग मामले से है, जिसमें कुंद्रा और अन्य के खिलाफ मुंबई पुलिस की दो प्राथमिकी और आरोप पत्र आधारित कार्रवाई की जा रही है। ईडी ने 29 दिसंबर को मुंबई और उत्तर प्रदेश के कुशीनगर सहित विभिन्न शहरों में कुंद्रा और उनके सहयोगियों के परिसरों पर छापेमारी की थी।

साथ ही सूत्रों के अनुसार, कुंद्रा के अलावा उत्तर प्रदेश के एक अन्य व्यवसायी को भी 4 दिसंबर को तलब किया गया है, जबकि अभिनेत्री गहना वशिष्ठ को 9 दिसंबर को गवाही देने के लिए कहा गया है। राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी पर पहले भी आरोप लग चुके हैं कि उन्होंने अवैध रूप से पोर्नोग्राफी सामग्री का निर्माण और वितरण किया था। हालांकि, कुंद्रा ने पिछले हफ्ते दावा किया था कि वह इस जांच में पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं और उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। कुंद्रा ने यह भी कहा कि उन्हें झूठा फंसाया गया है और वह इस मामले में बलि का बकरा बन रहे हैं।

यह मामला पहले से ही एक जमानत पर रिहा किए गए कुछ व्यक्तियों के खिलाफ चल रहा है, जिनमें से कुछ को पहले गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा इस साल की शुरुआत में ईडी ने कुंद्रा और शेट्टी की 98 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की थी, लेकिन बंबई हाई कोर्ट ने इस आदेश के खिलाफ राहत दी थी। ईडी और मुंबई पुलिस की जांच अब यह स्पष्ट करने की कोशिश कर रही है कि कुंद्रा और उनके सहयोगियों ने पोर्नोग्राफी सामग्री के निर्माण और वितरण के लिए कौन सी अवैध गतिविधियां की थीं और क्या इनसे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के पहलुओं को उजागर किया जा सकता है।

परिवहन निगम की बस और कार में आमने-सामने टक्कर, 5 मेडिकल छात्रों की मौत

अलप्पुझा/एजेंसी।

केरल के अलप्पुझा जिले में सोमवार रात को भारी बारिश के बीच भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें 5 मेडिकल छात्रों की मौत हो गई।हादसा कलारकोड इलाके में रात करीब 10 बजे हुआ है। मृतकों की पहचान आयुष शाजी, श्रीदीप वलसन, मुहम्मद जब्बार, देवनंदन और मुहम्मद इब्राहिम के रूप में हुई है।सभी मृतक अलप्पुझा के थिरुमाला देवास्वोम मेडिकल कॉलेज में रूञ्ञ्ञ की पढ़ाई कर रहे थे और प्रथम वर्ष के छात्र थे।

पुलिस ने बताया कि मेडिकल छात्रों की कार में 7 लोग सवार थे और वे अलपुझा जा रहे थे, जबकि केरल राज्य सड×क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस कायमकुलम जा रही थी।सोमवार रात को भारी बारिश के कारण सड×क पर दिखना मुश्किल था, जिससे तेज रफ्तार कार और बस आमने-सामने टकरा गए।हादसे में जान गंवाने वाले 2 छात्र लक्षद्वीप के, जबकि अन्य केरल के हैं। कार सवार 2 अन्य छात्र समेत बस यात्री भी घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार को काटकर छात्रों के शवों को बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल 2 छात्र अस्पताल में भर्ती हैं।हादसे का कारण लगातार हो रही तेज बारिश और कम दृश्यता थी। हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लग गया।वहीं केरल में कन्नूर के कल्लेरीराममाला में 2 केएसआरटीसी बस भारी बारिश के कारण आमने-सामने टकरा गईं, जिससे 34 यात्री घायल हुए हैं। उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर 27 नवंबर को एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई, फिर बस से भिड़ गई। हादसे में कार सवार 5 डॉक्टरों की मौत हो गई थी। सभी सैफई मेडिकल कॉलेज के छात्र थे।

दिल्ली में सांस पर संकट बरकरार एक्यूआई 300 पार

नई दिल्ली/एजेंसी।

राजधानी दिल्ली के लोगों को मंगलवार को भी प्रदूषण से राहत नहीं मिली है। दिल्ली के अधिकांश इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार रहा। लोगों में सांस लेने की समस्या, आंखों में जलन की शिकायत भी देखने को मिली है। हालांकि, दिल्ली में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार लगातार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। दिल्ली सरकार के द्वारा एंटी स्मॉग गन चलाई जा रही हैं। जिससे डस्ट प्रदूषण को कम किया जा सके। इसके अलावा प्रदूषण को कम करने के लिए कई चीजों पर प्रतिबंध भी लगाया गया है। बता दें कि केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड सीपीसीबी के अनुसार 3 दिसंबर को सुबह 7:30 बजे तक औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक 274 अंक बना हुआ है। दिल्ली से सटे फरीदाबाद में 255, गुरुग्राम में 222, गाजियाबाद में 181, ग्रेटर नोएडा में 195 और नोएडा में 162 अंक बना हुआ है। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में एक्यूआई 300 से लेकर 400 के बीच दर्ज किया गया है। बवाना में 305, जहांगीरपुरी में 307, मुंडका में 325, नेहरू नगर में 304, आरके पुरम में 303, रोहिणी में 302, शादीपुर में 342, सिरी फोर्ट में 306 बना हुआ है। वहीं, दिल्ली के अन्य इलाकों में एक्यूआई का स्तर 200 से ऊपर 300 के बीच रहा है। अलीपुर में 272, आनंद विहार में 293, अशोक विहार में 285, चांदनी चौक में 249, मथुरा रोड में 235, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 293, डीटीयू में 265, द्वारका सेक्टर 8 में 299।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थान के सलूंबर एवं डूंगरपुर जिलों को राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार– 2024 से सम्मानित

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 03 दिसम्बर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राजस्थान के सलूंबर एवं डूंगरपुर जिलो को राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार– 2024 से सम्मानित किया।नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मंगलवार को केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित पुरस्क ार समारोह में सलूंबर जिले की ओर से जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू और डूंगरपुर जिले की ओर से जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने राष्ट्रपति से यह पुरस्कार प्राप्त कियासमारोह में पुरस्कार ग्रहण करने के बाद सलूंबर के कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि 'सुगम्य भारत अभियान' के तहत जिले के 1,000 से अधिक सरकारी इमारतों को दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य बनाया है। इसके लिए रैंप और लिफ्ट का प्रावधान किया गया, जिसके लिए दिव्यांगजनों की पहचान के लिए घर-घर सर्वेक्षण किया गया।उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए अभियान में 5,900 से अधिक दिव्यांग प्रमाण पत्र और 4,400 यूडीआईडी कार्ड जारी कर गैर सरकारी संगठनों और विभिन्न विभागों के साथ इसके सहयोग से दिव्यांग समुदाय के लिए बेहतर सुगमता और जागरूकता सुनिश्चित की गई है। डूंगरपुर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन ने 'नो वन लेफ्ट बिहाइंड' अभियान के तहत 8,692 दिव्यांगजनों को पेंशन 5,100 यूडीआईडी कार्ड और 217 स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1,057 दिव्यांग जनों को सहायता प्रदान की उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत 2023-24 में 7,232 दिव्यांगजनों ने 2.5 लाख कार्य दिवस सृजित किए और 4 करोड़ 60 लाख रूपये की मजदूरी अर्जित की। सिंह ने बताया कि दिव्यांगजनों के समावेशन और सशक्तिकरण में इनके प्रयासों ने कल्याणकारी योजनाओं पहुंचाने में एक नई मिसाल कायम की हैउल्लेखनीय है कि उत्कृष्ट दिव्यांग जनों और दिव्यांग जनों के सशक्तिकरण के लिए काम करने वाले व्यक्तियों, संगठनों को यह राष्ट्रीय पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर पर प्रदान किए जाते हैं। यह पुरस्कार दिव्यांगजनों से संबंधित मुद्दों पर जनता का ध्यान केंद्रित करने और उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित किए गए हैं।

'एक हैं, तो सुरक्षित हैं' के मर्म को समझा हिंदू समाज ने

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम पर सारे देश की निगाहें लगी हुई थीं। सारे देश को ही बेसब्री से इंतजार था कि क्या बीते लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद भाजपा का प्रदर्शन किस तरह का रहता है। दरअसल इसी साल में मात्र पांच माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र के कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक विफलता के बाद, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती यही थी कि वह राज्य में खोई हुई जमीन को किस तरह वापस हासिल कर ले। महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफी नुकसान उठाना पड़ा था, जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं।

इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई जमीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में एक नया नारा पेश किया, ₹एक हैं तो सुरक्षित हैं₹। यह नारा विशेष रूप से हिंदू मतदाताओं को आकर्षित कर एकजुट करने के लिए बनाया गया था, जिसमें जातीय विभाजन के खिलाफ पूरे हिंदू समाज की एकता पर जोर दिया गया था। बेशक, इस नारे ने महायुति गठबंधन को तगड़ा लाभ पहुंचाया। मोदी जी का नारा सिर्फ हिंदू मतदाताओं को एक करना भर ही नहीं था। इसे पूरे समाज ने राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़कर भी देखा। महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल हैं। इस आह्वान के परिणामस्वरूप हिन्दू वोटों का भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में मौन और अत्यंत ही प्रभावी एकीकरण हुआ। यह नारा विपक्ष द्वारा स्थापित कथानक का सीधा जवाब था। और, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक अन्य नारे 'बंटेंगे तो कटेंगे' से और भी शक्ति मिल गई। इन नारों का उद्देश्य उन क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को आश्वस्त करना था, जहां उन्हें लगता था कि अल्पसंख्यक वोटों के एकीकरण के कारण उनका राजनीतिक प्रभाव कम हो रहा है।मोदी और योगी के नारों से इसलिए भी हिंदू मतदाता जुड़े, क्योंकि कई मुस्लिम मौलवी लगातार यह अपील कर रहे थे कि मुस्लिम महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों को ही वोट दे। इस्लामी प्रचारक मौलवी सज्जाद नोमानी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार यह फतवे दे रहे थे कि मुसलमानों को तो भाजपा के खिलाफ ही वोट देना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वह मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस-सेना (उद्धव)-एनसीपी (शरद पवार) गठबंधन को ही वोट देने की अपील करते हुए दिखाई दिए थे।सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था। नोमानी और उनके जैसे कुछ मजहबी और सियासी नेताओं की अपीलों और हरकतों के चलते ही उदारवादी हिंदू मतदाता भी लामबंद हुआ। पत्रकारिता छोड़कर सियासत में आए औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील की पिछले महीने मुंबई में निकाली रैली ने भी हिंदुओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। वे सैकड़ों कारों और दूसरे वाहनों के साथ मुंबई में आ गए थे। जलील को विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व सीट पर भाजपा के अतुल सावे ने शिकस्त दी।दरअसल राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल और महाराष्ट्र और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सज्जाद नोमानी सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए कोटा की जोरदार तरीके से मांग कर रहे थे। इस कारण भी मोदी और योगी के नारों ने हिंदू मतदाताओं को बहुत सोचने के लिए मजबूर किया। महाराष्ट्र में जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ा, भाजपा की रणनीति विभाजन के कथित खतरों के खिलाफ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की कहानी में विकसित हुई।

प्रधानमंत्री मोदी सहित महायुति के नेताओं ने रैलियों और बैठकों की एक शृंखला में भाग लिया, जिसमें एक साथ खड़े होने के महत्व पर जोर दिया गया। कहानी स्पष्ट थी-भाजपा के तहत एकता हिंदू समुदाय और विस्तार से राष्ट्र के लिए सुरक्षा और प्रगति का मार्ग है। मोदी और योगी के नारों को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने वार्षिक दशहरा संबोधन में समर्थन दिया। उन्होंने हिंदू एकता का आ''ान किया और बांग्लादेश में समुदाय पर हमलों से सबक लेने का आग्रह किया। वरिष्ठ संघ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले ने भी हिंदू एकता के आ''ान को बढ़ाते हुए ₹बटेंगे तो कटेंगे₹ नारे का इस्तेमाल किया।आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'बंटेंगे तो कटेंगे' के नारे ने हरियाणा चुनाव में भी अपना असर दिखाया था। मुंबई और ठाणे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ 'बंटेंगे तो कटेंगे' के संदेश वाले होर्डिंग्स देखे गए थे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या योगी और उनका नारा हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में भी सफल हो पाएगा? महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का गहराई से विश्लेषण करने से साफ है कि उपर्युक्त नारे से प्रभावित होकर हिंदू मतदाता एक साथ तो आए। उन्होंने अपने को जाति से ऊपर पहले हिन्दू समाज और सनातनी परंपरा को माना। योगी ने महाराष्ट्र में दो दर्जन से अधिक सभाओं को संबोधित किया।

अब जबकि महाराष्ट्र विधानसभा के नतीजे आ चुके है, तब कहना पड़ेगा कि कांग्रेस और गांधी परिवार ने 'सत्ता की लालसा में' पंथनिरपेक्षता (सभी संप्रदायों के साथ समान व्यवहार) की भावना को तोड़ दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र में भाजपा और उसके सहयोगियों को मिली जीत तथा कई राज्यों में उपचुनाव में मिली बड़ी जीत को ₹एकता₹ तथा 'एक हैं तो सुरक्षित हैं' नारे के पीछे की भावना बताया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के शुरू होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गढ़ा गया यह नारा जाति के आधार पर वोटों के बंटने के खिलाफ भाजपा के आह्वान को दर्शाता था। भाजपा के नेता हाल ही में हुए चुनाव में विपक्ष के लोकसभा चुनाव के समय किए मिथ्या प्रचार का जवाब देने में सफल रहे कि मोदी सरकार संविधान में आमूलचूल परिवर्तन करना चाहती है। यह स्वीकार तो करना ही होगा कि भारत के उद्योग और वित्त संसार के गढ़ महाराष्ट्र के लोगों ने 'एक हैं तो सुरक्षित हैं' के पीछे की भावना को जोरदार तरीके से पुष्ट किया। इस नारे ने उन लोगों को हराया है जो समाज को जाति, धर्म, भाषा में बांटना चाहते थे और समाज को बांटने की कोशिश करने वालों को सजा दी है।

जायज है मोहन भागवत की चिंता

मनोज कुमार अग्रवाल

हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जनसंख्या बढ़ोतरी की दर में गिरावट (प्रजनन दर) पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि जब किसी समाज की जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे गिर जाती है, तो वह समाज धीरे-धीरे नष्ट हो जाता है। भागवत ने यह बयान एक कार्यक्रम के दौरान दिया, जिसमें उन्होंने जनसंख्या नीति को लेकर अपनी चिंता जाहिर की। भागवत ने कहा, "आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है, तो वह समाज दुनिया से नष्ट हो जाता है। वह समाज तब भी नष्ट हो जाता है जब कोई संकट नहीं होता है। इस तरह से कई भाषाएं और समाज नष्ट हो गए हैं। जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए।" उन्होंने यह भी कहा कि 2.1 की जनसंख्या वृद्धि दर बनाए रखने के लिए समाज को दो से अधिक बच्चों की आवश्यकता है, इस तरह उन्होंने तीन बच्चों की जरूरत पर जोर दिया। जनसंख्या विज्ञान भी यही कहता है। संख्या महत्वपूर्ण है क्योंकि समाज का बने रहना जरूरी है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने देश के बहुमय समाज को उस कड़वे सत्य से परिचित कराने का प्रयास किया है जिस का हिन्दू समाज अपनी उदासीनता के कारण सामना नहीं करना चाहता। मोहन भागवत ने 2021 के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे रिपोर्ट को सम्मुख रख अपनी चिंता प्रकट की है। लेकिन धरातल का सत्य है कि 1901 से 2001 के जनसंख्या आंकड़ों पर ध्यान दें तो बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिलता है। इतिहास में जाए तो अफगानिस्तान तक भारत था और पहां हिन्दू राजाओं का ही राज था। 1947 में जनसंख्या में आए बदलाव के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था।

आपको बता दें कि भारत की एकता व अखंडता तथा सनातन धर्म को बनाए रखना है तो हिन्दू परिवारों को 2 या 3 बच्चों को अवश्य जन्म देना होगा। विश्व पर नजर दौड़ाएं तो आप को संघ प्रमुख भागवत की चेतावनी व चिंता का कारण समझ आ जाएगा। विश्व के जिस क्षेत्र में ईसाईया मुस्लिम जनसंख्या बहुमत में आई है वहां की संस्कृति ही बदल गई वहां का मूल संस्कृति और इतिहास सब कुछ लुप्त हो गया।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जिस समस्या को लेकर चिंता प्रकट की है अतीत में उसी को पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने विभिन्न ढंग से कहा है मुसलमान भारत पर 'राजनीतिक श्रेष्ठता' स्थापित करने के विचार को लेकर चलते हैं। अतः यह न धार्मिक समस्या है और न सामाजिक, यह तो सीधी राजनीतिक समस्या है।

भारत में इस्लाम मौलवी या फकीरों के प्रचार के द्वारा नहीं आया, अपितु यह आक्रमणकारियों के द्वारा आया सूफी फकीरों ने एक सोची समझी साजिश के तहत धर्मभीरू अंधविश्वासी आमजन को कनवर्जन के लिए नरम रुख दिखाया ताकि जोर-जबरदस्ती के साथ ही लचीला रुख दर्शा कर भी हिन्दू समाज को इस्लाम में कन्वर्ट किया जा सके। हिन्दुस्तान में ये आक्रान्ता लोग अपने आपको देशका मालिक समझने लगे। जो व्यक्ति हिन्दुस्तान में कनवर्जन कर मुसलमान बना, वह भी अपने आपको आक्रान्ताओं से जोड़कर देखने लगा और यहां की प्रत्येक विरासत से घृणा करने लगा। बाबर भारत में आक्रान्ता बतौर आया। यहां का एक बड़ा वर्ग खुद को देश की मूल सांस्कृतिक व धार्मिक



विरासत से अलग कर उस के प्रति नफरत करने लगा इसका परिणाम मुसलमान के अन्तः करण में आज तक है। इस कारण यदि हम उसे कहें कि इस भूमि को भारत माता कह तो वह मानता नहीं। इसे माता न मानने के कारण ही पाकिस्तान बना। हमने कहा राम और कृष्ण अपने पूर्वज हैं, परन्तु वह इन्हें अपना पूर्वज न मानकर अलग से दूसरे पूर्वजों को मानता है। इसलिए यह कहना पड़ता है कि यहां का मुसलमान राष्ट्रीय नहीं। हिन्दुस्तान विरोधी जो-जो चीजें होंगी, वह उनको ही अपनाता है। हमने भारत को मां कहा, परन्तु वह इसे दारूल हरब कहता है। हम गाय की पूजा करते हैं, परन्तु वह उसको काटता है। भारत में वह बकरीद कहकर त्यौहार मानता है। बकर का अर्थ अरबी में गाय होता है अर्थात जो गाय हमारे लिए पूजनीय है, वह इस त्यौहार पर बलि दी जाती है। यह हमारी श्रद्धा के विरुद्ध है।

आप को बता दें कि देश में लगातार बहुसंख्यक वर्ग की जनसंख्या दर में गिरावट और एक खास अल्पसंख्यक समुदाय की जनसंख्या वृद्धि दर में भारी बढ़ोतरी हो रही है। यह भारत की डैमोग्राफी के लिए खतरनाक हो सकता है।

हाल ही में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत का कहना है कि जनसंख्या वृद्धि दर 2.1% से नीचे नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने ये बात भी कह दी कि इसके लिए जरूरी है कि 2 की बजाय 3 बच्चे पैदा करें। यह संख्या इसलिए जरूरी है, ताकि समाज जिंदा रहे। मोहन भागवत ने रविवार को नागपुर में कठाले कुल सम्मेलन में एक सभा में बोलते हुए कहा, कुटुंब समाज का हिस्सा है और हर परिवार एक इकाई है। हालांकि जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए सालों से 'बच्चे 2 ही अच्छे' का नारा सरकार की तरफ से लगाया जाता रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर एक 'आर्दश हिंदू परिवार' को कितने बच्चे पैदा करने चाहिए? जानिए सनातन धर्म में इसके बारे में क्या कहा गया है।

मोहन भागवत से पहले प्रसिद्ध कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने जबलपुर में एक कथा के दौरान कहा कि 'हिंदुओं को 5-5 बच्चे पैदा करने चाहिए।' वहीं कुछ धर्म गुरु महिलाओं को कम से कम 4-4 बच्चे पैदा करने की बात कह चुके हैं। ज्योतिर्मठ शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने इस सवाल के जवाब में कहा, 'हमारे यहां 'बहु पुत्रवति भव' ये आशीर्वाद हमेशा से दिया जाता है। 'बहु' का मतलब होता है बहुवचन। आपकी हिंदी में एक वचन और बहुवचन होते हैं। यानी 2 भी हो तो वो बहुवचन हो जाता है। लेकिन संस्कृति में एक वचन, द्विवचन और बहुचन होते हैं। यानी तीन होने पर ही उसे बहुचन कहा जाता है। इसका अर्थ है कि तीन तो होने ही चाहिए। बहु पुत्रवति में 'बहु' शब्द इसी बात को दर्शाता है।' शंकराचार्य सोशल मीडिया पर डाले गए अपने इस वीडियो में आगे कहते हैं, 'हमारे यहां पहले नियोजन (प्लानिंग) नहीं किया जाता था। ये माना जाता था कि सहज में जब गर्भ धारण हो जाए तो संतान को जन्म लेने का अधिकार देना चाहिए। अब ऐसी परिस्थिति हो रही है कि गर्भधारण तो हो रहा है, लेकिन उसकी भ्रूण हत्या की जा रही है। शास्त्रों में भ्रूण हत्या को मनुष्य की हत्या के समान ही माना गया है। सबसे पहले तो सनातनी दंपत्ति को भ्रूण हत्या नहीं करनी चाहिए।' वह आगे कहते हैं, 'अगर धार्मिक दृष्टिकोण से देखें तो जितने भी पुत्र या पुत्रियां हों, वह सब स्वागत के योग्य होते हैं।'

हालांकि, मोहन भागवत के इस बयान पर विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा कि मोहन भागवत पिछले कुछ समय से जब कुछ बोलते है तो वह बीजेपी को असहज कर देता है। पिछली बार भी जब मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद में मंदिर क्यों ढूंढना तब भी बीजेपी वाले जो केवल मंदिर मस्जिद की राजनीति करते हैं उनके पास कोई जवाब नहीं था। बीजेपी पूरे देश जनसंख्या को लेकर केवल राजनीति करने का काम कर रही है, सपा समझती है कि अब मोहन भागवत के बयान के बाद अब बीजेपी के पास जवाब नहीं होगा। सपा की विचारधारा भले आरएसएस से न मिलती हो लेकिन अगर कुछ उन्होंने सही कहा है तो सही को सही कहना गलत नहीं है। कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी मोहन भागवत के बयान पर सवाल उठाए। कांग्रेस ने मोहन भागवत से सवाल करते हुए कहा कि, 'जो पहले से हैं उनको तो नौकरियां दिलवा दो, नौकरियां है नहीं, फसल की ज़मीन कम हो रही हैं। मोहन भागवत चाहते हैं कि 2 से ज्यादा बच्चे हों। देश में वैसे ही बेरोज़गारी है। जो आज युवा हैं उनको तौ नौकरियां मिल नहीं पा रही, फसल की जमीने कम होती जा रही है जबकि जनसंख्या बढ़ती जा रही है। चीन ने जहां आबादी कम कही है, तो वो आज महाशक्तिशाली बना है। मोहन भागवत चीन से सीख नहीं ले पा रहे और वो जनसंख्या के मामले में देश को शक्तिशाली बनाना चाहते हैं। मेरा तो उनको सुझाव है कि मोहन भागवत हैं, पीएम मोदी हैं, यूपी के सीएम योगी हैं तो सबसे पहले ये शुरुआत करें अगर इन्हे जनसंख्या की इतनी चिंता है तो, इनसे शुरुआत होनी चाहिए।

महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के जनसंख्या बढ़ाने संबंधी बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। पाटिल ने कहा कि पहले अजित पवार ने राज्य विधानसभा में एक बिल पेश किया था, जिसमें यह प्रस्ताव रखा गया था कि अगर किसी व्यक्ति के दो से ज्यादा बच्चे हैं, तो वह स्थानीय निकाय चुनाव में भाग नहीं ले सकेगा। जयंत पाटिल ने उम्मीद जताई कि अब नई सरकार इस कानून में बदलाव करने की दिशा में कदम उठाएगी और ऐसे लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाएगी, जिनके ज्यादा बच्चे हों।

असदुद्दीन ओवैसी ने तंज कसते हुए कहा, मोहन भगवत ने कहा कम से कम तीन बच्चे पैदा करिये। मोहन भागवत साहब आप लोग कब शादी कर रहें हैं पहले वो बताइये। मोदीजी ने कहा था की आपका मंगलसूत्र छीन कर उन महिलाओं को दिया जायेगा जो ज्यादा बच्चे पैदा करती हैं। उनका इशारा मुस्लिम महिलाओं की तरफ था। अब मोहन भगवत को कहना पड़ रहा है की बच्चे ज्यादा पैदा करो। भागवत के बयान के बाद जनसंख्या वृद्धि और जनसंख्या नियंत्रण के मुद्दे पर देशभर में बहस तेज हो गई है। विपक्ष ने इस पर राजनीति करने का आरोप लगाया है, जबकि संघ प्रमुख ने इसे समाज के अस्तित्व से जोड़ते हुए जनसंख्या नीति पर ध्यान केंद्रित किया हैं भागवत के बयान पर जो लोग तिलमिला रहे हैं उनकी मानसिकता किसी से छिपी नही है जरूरत उनके बयान को गंभीरता से लेने की है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

शोध व शिक्षण को मजबूत करेगा 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन'

डॉ. सत्यवान सौरभ

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित "वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन" (ओएनओएस) योजना एक परिवर्तनकारी पहल है, जिसका उद्देश्य सभी उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय विद्वानों के शोध लेखों और पत्रिकाओं तक सार्वभौमिक पहुँच प्रदान करना है। यह भारत में मजबूत अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत@2047 के लक्ष्यों को साकार करने की व्यापक दृष्टि के अनुरूप है। यह केंद्र सरकार की नई पहल है जिसे विद्वानों के शोध लेख और जर्नल प्रकाशनों तक देशव्यापी पहुँच सुनिश्चित करने के लिए तैयार कई गई है। एक ही प्राधिकरण सबकुछ प्रबंधित करता है ताकि आपको कई प्लेटफ़ॉर्म पर सदस्यता लेने की ज़रूरत न पड़े। सिर्फ़ एक सदस्यता आपको अपनी ज़रूरत की सभी सामग्री और सेवाओं तक पहुँच प्रदान करती है, जिससे आपका समय और प्रयास बचता है। इन संसाधनों तक आसान पहुँच के लिए एक एकीकृत पोर्टल स्थापित किया जाएगा, जिससे विभिन्न संस्थानों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वर्तमान खंडित सदस्यता मॉडल को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। यह योजना एक मंच के माध्यम से 30 अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित 13, 000 से अधिक पत्रिकाओं तक निर्बाध पहुँच प्रदान करेगी। भारत सरकार द्वारा स्वीकृत वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए 13, 000 से अधिक विद्वानों की पत्रिकाओं तक राष्ट्रव्यापी पहुँच प्रदान करना है। 2025-2027 के

लिए 6, 000 करोड़ के बजट के साथ, यह देशभर में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। यह योजना उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए शैक्षणिक संसाधनों तक पहुँच को लोकतांत्रिक बनाने के लिए तैयार की गई है, जिससे विशेष रूप से वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। इन संसाधनों तक आसान पहुँच के लिए एक एकीकृत पोर्टल स्थापित किया जाएगा, जिससे विभिन्न संस्थानों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वर्तमान खंडित सदस्यता मॉडल को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। यह योजना एक ही मंच के माध्यम से 30 अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित 13, 000 से अधिक पत्रिकाओं तक निर्बाध पहुँच प्रदान करेगी।

भारत के अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र पर संभावित प्रभाव ओएनओएस टियर-2 और टियर-3 शहरों सहित 6, 300 सरकारी संस्थानों में 1.8 करोड़ से अधिक छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय विद्वान संसाधनों तक पहुँच सुनिश्चित करता है। लागत बाधाओं को दूर करके, यह योजना कम वित्त पोषित और ग्रामीण संस्थानों के शोधकर्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले वैश्विक अनुसंधान तक पहुँचने में सक्षम बनाती है, जिससे अनुसंधान एवं विकास परिदृश्य में समावेशी विकास को बढ़ावा मिलता है। उच्च प्रभाव वाली पत्रिकाओं तक मुफ्त पहुँच से भारतीय शोधकर्ताओं द्वारा प्रकाशनों की मात्रा और गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है, जिससे भारत की वैश्विक वैज्ञानिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। ओएनओएस अनुसंधान संसाधनों तक पहुँच का विस्तार करके अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) का पूरक है, जिससे सरकार द्वारा वित्त पोषित संस्थानों में नवाचार और अनुसंधान एवं विकास की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।

यह योजना भारत की बौद्धिक क्षमताओं को मज़बूत करती है, जो आर्थिक आत्मनिर्भरता और अनुसंधान एवं विकास में वैश्विक नेतृत्व प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। अनुसंधान संसाधनों तक बढ़ी हुई पहुँच नवाचार को गति देती है, 2047 तक तकनीकी रूप से उन्नत भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करती है। ओएनओएस यह सुनिश्चित करके सामाजिक और क्षेत्रीय समानता को बढ़ावा देता है कि कोई भी शोधकर्ता पीछे न छूटे, चाहे उनकी भौगोलिक या संस्थागत पृष्ठभूमि कुछ भी हो। वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना भारत के अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र में क्रांति लाने की क्षमता वाली एक ऐतिहासिक पहल है। 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस)' योजना से भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक संसाधनों तक पहुँच बढ़ाकर महत्त्वपूर्ण लाभ मिलेगा। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों की 13, 000 से अधिक शैक्षिक पत्रिकाओं तक पहुँच प्रदान करके, यह योजना उच्च गुणवत्ता वाली शोध सामग्री तक पहुँच को लोकतांत्रिक बनाती है, जिसे पहले वित्तीय बाधाओं या संस्थागत सदस्यता की कमी के कारण प्राप्त करना कठिन था।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

काश! आप, आज होते गिजुभाई

प्रतीक्षा त्रिपाठी

प्रिय गिजुभाई जी, वैश्विक शिक्षा साहित्य की अमरकृति 'दिवास्वप्न' के स्वप्नकार को मेरा शत-शत नमन। मैंने आपकी कृति 'दिवास्वप्न' पढ़ी। क्या स्वप्न देखा आपने..सुखद। आप तो सपनों के जादूगर हैं जो हर शिक्षक को स्वप्न देखना सिखा गए। रच गए ऐसी एक दुनिया जहाँ असंभव शब्द के कोई मायने ही नहीं, सब कुछ संभव है। कैसे और कब देखा आपने ये दिवास्वप्न जिसमें बच्चे अपने सपनों का संसार खोज सकें, अपनी कल्पनाओं को साकार कर सकें। काश! मैं मिल पाती आपसे तो पूछ पाती कि विद्यालय को आनंदघर बनाने का ख्वाब कब और कैसे देखा आपने। एक ऐसी जगह जहाँ बच्चों को अपने भावों को दबाना न पड़े। जहाँ खुल कर कह सकें वे सारी बातें जो करते होंगे वे शायद अपनी माँ से, अपने दोस्तों से या हर उस इंसान से जो उनके हृदय के बहुत समीप होगा। सोचती हूँ कि कितने नसीब वाले रहे होंगे वे बच्चे जो अपने घर की देहरी लाँघते ही और अपनी माँ के आँचल की छाँव छोड़ते ही पा गए होंगे एक एक माँ, मूछों वाली माँ। एक ऐसी मोछाली माँ जिससे उन्होंने पायी स्नेह और दुलार की बारिश और साथ ही शिक्षा की गुनगुनी धूप भी।

किताबें पढ़कर नहीं बल्कि आपने बच्चों को पढ़कर उन्हें पढ़ाना सीखा। आपने लिखा है कि कल्पना में पढ़ा देना आसान होता है पर वास्तविकता में यह लोहे के चने चबाने जैसा है। समझ पा रही हूँ मैं आपके भावों को और जोड़ पा रही हूँ खुद को आपकी तात्कालिक स्थिति से क्योंकि जब मैंने शिक्षा के इस आँगन में अपना प्रथम पग धरा था तो कुछ ऐसे ही मनोभाव थे। आपकी कहानी जैसे-जैसे आगे बढ़ती है, भूत और भविष्य की झलकियाँ एक साथ उतरती हैं मेरे मन में। भूत के वे सब प्रसंग एक साथ याद आते हैं जो मैंने प्रथम नियुक्ति के साथ बच्चों के संग बिताए। बीते कल के वे समस्त खट्टे-मीठे अनुभव जिन्होंने हमारे संबंधों को और प्रगाढ़ किया। विद्यालय में प्रथम दिवस के प्रवेश से पहले की कल्पनाएँ व विद्यालय में प्रवेश के बाद की वास्तविकताएँ कितनी भिन्न होती हैं न। आपकी कहानी पढ़ते हुए भविष्य की संभावनाएँ भी मन को आल्हादित करती हैं कि मैं भी यह कर सकती हूँ। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है आपके साथ जुड़ाव और भी गहराता जाता है। आपका शब्द चयन व शब्द संयोजन मन को प्रफुल्लित कर देता है- "अच्छा हुआ कि पहले ही ग्रास में मक्खी आ गई। कल से नया श्रीगणेश करूँगा।" एक और शब्द है 'अभिमुखता' जिसे हम अध्यापक बड़ा कम करके आँकते हैं। आपने बड़े ही प्रभावी ढंग से इस पर कार्य किया और बताया कि बच्चों का अपने शिक्षक से अभिमुख होना ही सिखाने के क्रम का प्रथम पायदान है। आपका वो कहानी कहने का तरीका और उस कहानी में ही बच्चों को सब कुछ सिखा देना। "एक था राजा और उसके थी सात रानियाँ, सातों के सात राजकुमार और सातों के सात राजकुमारियाँ, उन सातों राजकुमारियों के सात-सात महल और महल में सात-सात मोती के पेड़......." अहा! बच्चे क्या, बड़ों में उत्सुकता जगा दे ये तरीका। शांति का खेल, बच्चों की अभिमुखता, कहानी की रोचकता और अव्यवस्था व शोर के प्रति बच्चों की नाराजगी.....। एक तीर से कितने ही निशाने साध लिए आपने। अब तो बच्चों को छुट्टी-वुट्टी भी नहीं चाहिए। क्या सच में आपके पास जादू की अद्भुत छड़ी थी या आपका व्यक्तित्व ही था इतना जादुई कि सामने वाला सम्मोहित हो जाए। शारीरिक साफ-सफाई, परिवेशीय स्वच्छता और अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषय हों या व्याकरण जैसे क्लिष्ट विषय, आपने इतनी सहजता से पढ़ा दिए। एक बात बताऊँ आपको? वैसे मुझे आपकी यह बोरिंग विषय पढ़ाने के तरीके पढ़कर इसलिए भी खुशी हुई क्योंकि इन तरीकों में से काफी कुछ मैं हूबहू अपनाती हूँ। और ज़्यादा खुश होने की वजह भी यही थी कि मैं आपको पढ़कर जान पायी कि मैं सही दिशा में हूँ। वो आपका डिक्टेशन लिखाने का तरीका दिल और दिमाग दोनों को छू गया। मैं दूसरे दिन से ही अमल में ले आई। वो आपकी सुबह से छुट्टी तक चलने वाली कहानी और उस कहानी के बीच में ही आपका बच्चों से सब कुछ कहा जाना। सिखा जाना उन्हें वो कठिन सी लगने वाली सीख जो रीत से पढ़ाते तो शायद कभी ना सिखा पाते। कभी-कभी ऐसी रीत से हटकर चलना भी अच्छा होता है जिस पर चलकर आपको मंजिल मिल जाए। आपका वो बच्चों के साथ खेलना और खेल-खेल में ही न जाने कितनी विधाएँ सिखा देना, किसी जादू से कम था क्या। अरे! आपका वह वाकया तो क्या कुछ सिखा गया जिसमें आपने बच्चों के माता-पिता की एक सभा बुलाई थी। चालीस में से सात जने आए और उन्हें भी शिक्षा पर भाषण देना सच में मटके में कंकर बजाने के समान ही था। उस पर भी सभा समाप्त होने पर साथी शिक्षकों के तंज सुनना। कितना धैर्य चाहिए न व्यवस्था बदलने के लिए। जब आज के परिदृश्य में देखती हूँ तो ज्यादा अंतर नहीं आया है लोगों के नजरिए में। आज भी चालीस बुलाओ तो सात जने ही आते हैं। पर अब यह जान गई हूँ कि वह सात भी कितने अहम हैं इस शिक्षा की कड़ी में। आपका वह पुस्तकालय बनाने का विचार जो कल्पना में आसान था और हकीकत में वाकई मुश्किल, आज सीखने-सिखाने का अहम जरिया बन चुका है। स्थानीय भ्रमण और प्रकृति का सामीप्य हमारी इंद्रियों के विकास के लिए कितना आवश्यक है, यह आपने उस समय समझाया जब इसे समय की बर्बादी से अधिक कुछ नहीं समझा जाता था। सिर्फ बच्चों को सिखाने तक ही नहीं अपने साथी शिक्षकों की सोच बदलने और अधिकारियों के शिक्षा के प्रति नजरिये के बदलाव के लिए भी अपने सार्थक प्रयास किए। अगर अपने ईमान में अमीरी हो तो कौन सा खजाना नहीं मिल सकता। जीवन जीने की कला सिखा देना भी इतिहास, भूगोल, व्याकरण और गणित जैसे विषयों से कम कठिन नहीं जिसमें आपने उन्हें पारंगत कर दिया।

आपको पढ़ने के बाद तो मैंने भी बच्चों को पढ़ना शुरू कर दिया है। शुरू कर दिया है चली आ रही रीत से अलग हटकर चलना। वैसे कुछ ऐसा ही करती आई हूँ मैं। अब तक आपको पढ़कर बहुत कुछ सीखा मैंने और सबसे ज़्यादा पाया है संतोष कि सही रास्ते पर हूँ मैं क्योंकि बहुत कुछ वैसे ही कर रही हूँ जैसे आपने सुझाया। बहुत कुछ है कहने को आपसे जो शायद मैं मिलती तो बता पाती कभी। दिखा पाती आपको कि कैसे आपके प्रयोग के 100 साल बाद भी वे इतने प्रासंगिक हैं। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 हो शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 हो या नई शिक्षा नीति 2020, सबमें आपके शैक्षिक प्रयोगों एवं विद्यालयों के परिवेश को आनंदमय बनाने की पैरवी का प्रभाव दृष्टव्य है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि आपकी मंशा आज हर रचनात्मक व जुझारू शिक्षक के मन में है। आपने जो सपना आज से एक सदी पहले देखा था वह दिवास्वप्न आज शिक्षा का पर्याय बन चुका है। और मैं आपको वचन देती हूँ कि मैं जहाँ तक जा सकती हूँ वहाँ तक आनंदमय विद्यालयीय परिवेश के स्वप्न को साकार करने का भरसक प्रयत्न करूँगी। एक ऐसा परिवेश जहाँ बच्चे निर्भय होकर अपने ज्ञान की सर्जना कर सकें। जहाँ बच्चे सहृदय, संवेदनशील एवं जिम्मेदार बनकर एक आदर्श नागरिक के रूप में अपने भारत का सुनहरा भविष्य गढ़ सकें। आनंदमय विद्यालय की राह पर एक शिक्षिका।

चित्तौड़गढ़ जिले में थाना भूपाल सागर पुलिस की साइबर सेल की मदद से बड़ी कार्रवाई

हाईवे पर होटल के बाहर से 52 लाख कीमत की साड़ियों से भरे ट्रक चोरी की वारदात का खुलासा

पांच आरोपी गिरफ्तार कर चोरी गया 52 लाख का माल सहित वारदात में प्रयुक्त कंटेनर, दो मोटरसाईकिल एवं एक मारुती वैन जब्त

चमकता राजस्थान

जयपुर/चित्तौड़गढ़ !(खलील कुरैशी) 03 दिसम्बर। चित्तौड़गढ़ जिले की भूपालसागर पुलिस ने हाईवे पर होटल के बाहर से 52 लाख कीमत की साड़ियों से भरे ट्रक चोरी की वारदात का मात्र पांच दिनों में खुलासा कर साइबर सेल की मदद से ट्रक मालिक लाल रैगर पुत्र सोला व उसके बेटे नरेश रैगर निवासी ईटाली रोड फतहनगर सहित मदनलाल जटिया पुत्र देवा व गणेश जटिया पुत्र उदय लाल निवासी आजनखेडा थाना आकोला एवं मनीष रैगर पुत्र देवीलाल निवासी बान्डीनाल थाना नाथद्वारा जिला राजसमंद को गिरफ्तार कर चोरी गया 52 लाख का माल बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त एक कंटेनर, दो मोटरसाईकिल एवं एक मारुती वैन जब्त की गई है। ट्रक मालिक ने ही ट्रक चालक को धोखे

में रख ट्रक सहित माल को चोरी किया था।एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि गत 30 नवम्बर को ट्रक ड्राइवर आकोला निवासी कैलाश ढोली ने भूपालसागर थाने पर दी रिपोर्ट में बताया कि वह पिछले डेढ महीने से देवीलाल रेगर निवासी फतहनगर का ट्रक चला रहा है। 28 नवम्बर के दिन सराली रोड़ सूरत स्थित आर. ट्रांसपोर्ट कम्पनी से जयपुर ट्रांसपोर्ट नगर के लिए साड़ियां लेकर साथी राहुल के साथ निकला था। मालिक नरेश रेगर के बताये अनुसार 29 नवम्बर को ट्रक को वेलकम होटल भूपालसागर के साइड में खडा कर लाक लगा दिया। वहा से नरेश रेगर उसे होटल से बाईक पर बैठाकर अपने घर फतहनगर ले गया।30 नवम्बर की सुबह 10 बजे वह ट्रक मालिक नरेश रेगर के साथ होटल पहुंचा। होटल के बाहर ट्रक नही था, जिसमे करीब 52 लाख रुपये कीमत का माल भरा हुआ था। अज्ञात चोर ट्रक व माल चोरी कर ले गये। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर घटना की खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी सरिता सिंह एवं सीओ हरजी लाल यादव के सुपरविजन एवं एसएचओ कपासन रतन सिंह व एसएचओ भूपालसागर तुलसीराम के नेतृत्व में टीम गठित की गई।गठित टीम द्वारा वारदात स्थल का मौका मुआयना कर तकनीकी डाटा एवं तकनीकी साक्ष्य जुटाए। घटना के आसपास से लेकर पूरे रूट के सभी सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग प्राप्त कर तकनीकी डाटा का विश्लेषण कर वाहन स्वामी देवीलाल रैगर एवं नरेश रैगर निवासी फतहनगर से गहनता से पूछताछ की तो इन्होंने मदन लाल जटीया, मनीष रैगर, गणेश जटीया, नरपत सिंह के साथ मिलकर योजना बना वारदात करना बताया।इस पर उक्त सभी आरोपियों के घरों एवं संदिग्ध ठिकानों पर जगह-जगह दबिश दी गई। अलग अलग स्थानों से पांचों आरोपियों को गिरफतार कर चोरी का 52 लाख कीमत का माल बरामद किया गया। आरोपीयों द्वारा माल सहित ट्रक चोरी करने के बाद फतहनगर सर्कल में सूनसान जगह ले जाकर पहले से बनी योजना अनुसार दूसरे कन्टेनर में में माल लोड कर कन्टेनर को चित्तौडगढ उदयपुर हाईवे स्थित भादसौडा सर्कल में होटल सम्राट की पार्किग में ले जाकर छुपा दिया। चोरी वाले ट्रक के नम्बर प्लेट व ट्रक पर लिखे नामों को चेंज कर ट्रक को टोल नाकों से बचाते हुए मध्यप्रदेश की तरफ छुपाकर रखना बताया है। जिसको बरामद करना शेष है। माल से भरा कन्टेनर को होटल सम्राट की पार्किंग से बरामद कर घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाईकिल व एक वैन जब्त की गई। इस कार्रवाई में साइबर सेल के कांस्टेबल रामावतार की विशेष भूमिका रही।

संक्षिप्त समाचार

करौली जिले में डीएसटी की कार्रवाई : फायरिंग कर हत्या के प्रयास में चार साल से फरार आरोपी दस्तयाब

- 10 हजार रुपये का है इनामी, सवाईमाधोपुर जिले के वजीरपुर थाने में है वांछित

चमकता राजस्थान। जयपुर/करौली!(खलील कुरैशी) 03 दिसम्बर। करौली जिले की स्पेशल टीम ने वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में लगातार कार्रवाई करते हुए सवाई माधोपुर जिले के वजीरपुर थाने में फायरिंग कर जानलेवा हमले में 4 साल से वांछित आरोपी लखन गुर्जर पुत्र रामजीलाल निवासी महावीरजी हाल रोंडकला थाना सदर करौली को गंभीर नदी की गहरी खाईयों से दस्तयाब कर लिया। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि वांछित आरोपियों एवं अपराधिक गिरोह की निगरानी व प्रभावी कार्रवाई के लिए डीएसटी प्रभारी धारा सिंह को विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं। करौली निवासी इनामी आरोपी लखन गुर्जर फायरिंग कर हत्या के प्रयास के मामले में 4 साल से वांछित था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी सवाई माधोपुर द्वारा 10000 का इनाम घोषित किया हुआ है। तलाश के दौरान मंगलवार को टीम के सदस्य अमीर सिंह को सूचना मिली कि आरोपी रोडकला गांव स्थित अपने रिहायसी मकान पर है। सूचना पर प्रभारी ने मय टीम के ईनामी बदमाश लाखन के घर पर दबिश दी जो पुलिस टीम को आता देखकर मकान के पास गंभीर नदी की खाईयों में भाग गया। टीम लगातर आरोपी का पीछा कर तलाश करती रही। नदी की गहरी खाइयों में करीब 1 किलोमीटर पीछा कर कांस्टेबल अमीरसिंह व आकाश सोलंकी ने दबोच लिया। मुलज़िमों को दस्तयाब कर थाना बजीरपुर को अग्रिम कार्रवाई के क्लियर सुपुर्द कर दिया गया।

बच्चो को गुड टच बेड टच एवं चाईल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 की दी जानकारी

चमकता राजस्थान। चित्तौड़गढ़ (बाबू अग्नानी)। चित्तौड़गढ़ लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ पीडित विषय पर 25 नवंबर से 10 दिसम्बर 2024 तक 16 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, चाईल्ड हेल्प लाईन टीम एवं भगवती सेवा एवं शिक्षण संस्थान द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भिल्या खेडी, बस्सी मे बच्चो को गुड टच बेड टच एवं चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 एवं बालक बालिकाओ के के लिए विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। संयुक्त टीम द्वारा गांव मे आंगनवाडी कार्यकर्ता के साथ विजिट कर देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चो के परिवारों का चिन्हिकरण किया गया कार्यक्रम के दौरान चाईल्ड हेल्प लाईन कार्डिनेटर नवीन किशोर काकडदा, कांउन्सलर करण जीनवाल, टीम सुपरवाईजर सरिता मीणा एवं टीम मेम्बर बाबू लाल मेघवाल भगवती सेवा एवं शिक्षण संस्थान से विजेन्द्र सिंह एवं पंकज पाराशर उपस्थित रहें।

सवाई माधोपुर जिले में मानटाउन थाना पुलिस की कार्रवाई

फिरौती के लिए अपहरण की दो घटनाओं में फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार, गिरोह का है सरगना

- पांच बदमाशों को पूर्व में किया जा चुका है गिरफ्तार, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 5000 का है इनाम घोषित
- फिरौती की रकम से जल्दी अमीर बन लग्जरी लाइफ जीना चाहता था आरोपी

चमकता राजस्थान

जयपुर/सवाई माधोपुर!(खलील कुरैशी) 3 दिसंबर। सवाई माधोपुर में अपहरण कर फिरौती लेने के दो मामलों में करीब सात महीनों से फरार चल रहे गिरोह के सरगना पदमेश मीणा पुत्र हरिमोहन मीणा (22) निवासी जडावाता थाना सूरवाल को जिले की माउंट टाउन थाना पुलिस ने साइबर सेल की सहयोग से पीपलवाड़ा गांव में उसके रिश्तेदार के घर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरोह के पांच सदस्यों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार किए

गए सरगना पर 5000 का इनाम घोषित किया हुआ है।एसपी ममता गुप्ता ने बताया कि सरगना सरगना पदमेश मीना व इसके साथियों ने 29 मई को दो नाबालिग बालकों का देशीकट्टे की नोक पर शहर के आदर्श नगर से कार से अगवा किया। निवाई बाय पास जयपुर ले जाकर मारपीट एवं वीडियों बनाकर फिरौती की रकम वसूल की थी। इस गिरोह द्वारा अगली रात बंटी मीना पुत्र बाबू लाल (20) निवासी आसलगांव थाना अलीगढ जिला टोंक और उसके दो दोस्तों का रात करीब 8.30 बजे बरवाड़ा रोड पर खेड़ली फाटक के पास से अपहरण कर लिया।भगवतगढ के जंगल में ले जाकर हाथ पैर तोड़ कर उनसे नकद रूपये व सोने की अँगूठी लूट जंगल में छोड़ कर चले गये। इस संबंध मे थाना मानटाउन पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गयाघटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा व वृताधिकारी उदय चन्द मीणा के सुपरविजन एवं एसएचओ अवतार सिंह के नेतृत्व मे विशेष टीम का गठन किया गया था। गठित टीम के सदस्य एएसआई अजीत मोगा को पुख्ता सूचना मिली कि पदमेश फरारी काटते-काटते हुए थक गया है। जयपुर फरारी काट रहे आरोपी को पीपलवाड़ा गांव निवासी रिश्तेदार ने अपने यहां रहने के लिए बुलाया है।इस सूचना पर एएसआई हरिलाल, हैड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह, बलवीर सिंह व कानिस्टेबल विजय सिंह, बुद्विप्रकाश, नरेश व केदार की एक टीम जयपुर रवाना की गई। जयपुर से पीछा करते हुए टीम गांव पीपलवाड़ा आयी। टीम ने फूल पत्ती बेचने वाला बनकर निगरानी की। बदमाश पदमेश के रिश्तेदार के घर होने की पुष्टी होने पर सुनियोजित तरीके से घेराबन्दी कर राउंड अप करने में सफलता प्राप्त की है।

विधायक आक्या ने टीम संग देखी ''द साबरमती रिपोर्ट''

चमकता राजस्थान। चित्तौड़गढ़ (बाबू अग्नानी)। चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने मंगलवार को कार्यकर्ताओ के साथ ''द साबरमती रिपोर्ट'' फिल्म देखी।फिल्म देखने के बाद विधायक आक्या ने कहां कि 27 फरवरी 2002 को हुए गोधरा कांड की सच्चाई से आज भी देष की अधिकांश जनता अनभिज्ञ थी। साबरमती ट्रेन जलाने की जघन्य घटना को ''द साबरमती रिपोर्ट'' फिल्म के माध्यम से उजागर किया गया है।इस अवसर पर बद्रीलाल जाट, सुरेश झंवर, सुशील शर्मा, भरत जागेटिया, कर्नलसिंह राठोड़, तेजपाल रेगर, भंवरसिंह खरड़ी बावड़ी, दिनेश शर्मा, पवन आचार्य, रोहिताश्व जाट, अनिल ईनाणी, ओमप्रकाश शर्मा, शेलेन्द्र झंवर, लाला गुर्जर, नवीन पटवारी, भोलाराम प्रजापत, सुदर्शन रामपुरिया, कमलेश आमेरिया, प्रकाश भट्ट, चुन्नीलाल माली, सतपाल दुआ, बालकिशन भोई, गोपाल गंवारिया, शिवराज सिंह बैजनाथिया, मोनु सलुजा, रामप्रसाद बगेरवाल, राजेश पोखरना, अनिल मीणा, शिवशंकर मेनारिया, मोनु सलुजा, राजन माली, विनित तिवारी, नंद लाल रेगर, रेशमा कहार, ललीता वीरवाल, विमला गटयानी, रेखा, रेणु मिश्रा, मीनुकंवर सोलंकी, प्रदीप बोहरा, राजन माली, फतहलाल भड़कतिया, गिरीश दीक्षित, गणेश भोई, राजेश मोची, राजु कुमावत, पिंटु मोदी, शिवप्रकाश गटयानी, गोपाल नीलमणी, हंसराज सुहालका, मृदुल जोशी, मोनु सोनी, गोपाल जाजू, सत्यनारायण वैष्णव, रामनरेश गाडरी, अर्जुन गील, नाना लाल मेनारिया, दिनेश बंजारा, योगेश सोनी, दिपक वर्मा, रवि बैरागी, ओम लोठ, अनिल काबरा, विक्रम सिंह, हर्षद दशोरा, मनोहर वैष्णव, विशाल रजक, पिनू मेनारिया, गोपाल भांबी, अनिल तम्बोली, दिलीप बेनीवाल, गोपाल शर्मा, चिरंजीव सोलंकी, विक्रम गंवारिया, उदयलाल धाकड़, कुलदीप शर्मा, भारतसिंह राजोरा, रमेश रामचंदानी, भागीरथ मालवीय, राजेन्द्र सुराणा, संजय सिसोदीया, नारायण भोई, सुरेश भोई, गणेश प्रजापत, विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न हुई

बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण प्रकरणों पर हुआ विचार - विमर्श, दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

चमकता राजस्थान

जयपुर,!(खलील कुरैशी) 03 दिसम्बर। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में जेडीए के मंथन सभागार में मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न प्रकरणों पर विचार - विमर्श पश्चात स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जोन-6 में सीकर रोड (रोड नं. 14 एनएच बाईपास से चौंमू पुलिया तक) पर 24.08 करोड रूपय के सडक सुधार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की निविदा की स्वीकृति दी गई। घाट की गुणी टोल प्लाजा पर उपयोगकर्ता शुल्क (टोल शुल्क) के संचालन, रखरखाव और संग्रह के लिए 91.11 करोड़ रूपये की निविदा का कार्योत्तर स्वीकृति दी

गई। जोन-7 में सी-जोन बाईपास से मुंडिया रामसर कल्वर्ट (सी-जोन बाईपास से सिरसी मोड तक) बॉक्स ड्रेन के निर्माण कार्य के लिए (चरण-I) हेतु 9.38 करोड़ रूपये एवं (चरण-II) हेतु 9.38 करोड़ रूपये की निविदा का अनुमोदन किया गया। सीकर रोड से बढारना जेडीए योजना तक मुख्य नाले का निर्माण तथा सब्जी मंडी पुलिया से उक्त नाले तक 100 फीट रोड के साथ नाली निर्माण कार्य के लिए 27.79 करोड़ रूपये की निविदा का अनुमोदन किया गया।

संक्षिप्त समाचार

जिला स्तरीय पुरस्कार समारोह आयोजित

चमकता राजस्थान। कोटपूतली-बहरोड़(धर्मेंद्रबंसल) 3 दिसंबर । अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस'' पर जिला स्तरीय पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल कोटपूतली.बहरोड ने एवं जिला अधिकारी रमेश कुमार दहमीवाल ने जिले में दिव्यांगजनों के क्षेत्र में उत्कर्षट कार्य करने वाली संस्था मंथन फाउन्डेशन चैरीटेबल ट्रस्ट, बहरोड की डॉ सविता गोस्वामी एवं जन जाग्रति संस्थान,बहरोड के रवि कुमार को तथा रतन लाल मीना दिव्यांगजन को खेल.कूद में, रामनिवास यादव दिव्यागजन को समाज के सभी लोगों के लिए उत्कर्षट कार्य करने एवं सुरेन्द्र कमार जाटव कनिष्ठ सहायक सान्याअवि को दिव्यांगजनों के लिए अच्छा राजकार्य करने के लिए प्रशस्ति.पत्र देकर सम्मानित किया गया।राजकीय अम्बेडकर छात्रावास सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कोटपूतली में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 2024 मनाया गया। जिसमें दिव्यांगजनों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम में जिला अधिकारी रमेश कुमार दहमीवाल सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गजराज सिंह यादव ने दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। सभी को जलपान व भोजन कराकर सधन्यवाद कार्यक्रम समापन किया गया।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने किया एसटीपी प्लांट का औचक निरीक्षण

- **स्वच्छ शौचलाय अभियान के तहत सार्वजनिक शौचालयों का भी किया औचक निरीक्षण**

चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 03 दिसम्बर। नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने मंगलवार को महेश नगर सामुदायिक केन्द्र में वयोवृद्ध नागरिकों की सुविधाओं, एसटीपी प्लांट इत्यादि स्थानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चैयरमेन श्री रमेश चन्द्र सैनी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान महापौर वयोवृद्ध नागरिकों के लिए महेश नगर सामुदायिक केंद्र में विकसित की गयी सुविधाओं का वयोवृद्ध के अनुरुप नहीं होने पर महापौर द्वारा नाराजगी व्यक्त कर इन सुविधाओं को तुरंत प्रभाव से ठीक करने के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिशाषी अभियंता मुख्यालय को दिए। इसके अतिरिक्त महापौर ने नगर निगम ग्रेटर द्वारा नवनिर्मित देहलवास सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकसित किये ट्रीटमेंट प्लांट के ट्रीटेड पानी का पुनः उपयोग करते हुए नगर निगम के पार्को में कर भूजल को सुरक्षित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने स्वच्छ शौचालय अभियान के तहत शहर के सार्वजनिक शौचालयों का औचक निरीक्षण किया। इस अभियान का उद्देश्य शौचालयों की सफाई व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति का आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान महापौर ने आमजन से शौचालय की सफाई व्यवस्था पर सीधा फीडबैक लिया, जिसमें उन्होंने कॉलेज के छात्रा और शौचालय का नियमित उपयोग करने वाले एक दुकानदार से बातचीत कर उनकी राय जानी। महापौर ने निरीक्षण के दौरान शौचालयों में पानी की उपलब्धता, शौचालय परिसर और उसके आसपास की सफाई, सैनिटरी पैड मशीन, हैंड वॉश और डस्टबिन की उपलब्धता की भी जांच की।महापौर ने मौके पर उपस्थित शौचालय इंचार्ज को सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक शौचालयों की उचित देखभाल अत्यंत आवश्यक है, और आमजन के फीडबैक के आधार पर सुधार के सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न हुई।

- **बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण प्रकरणों पर हुआ विचार - विमर्श, दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश**

चमकता राजस्थान। जयपुर,!(खलील कुरैशी) 03 दिसम्बर। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में जेडीए के मंथन सभागार में मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न प्रकरणों पर विचार - विमर्श पश्चात स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जोन-6 में सीकर रोड (रोड नं. 14 एनएच बाईपास से चौमू पुलिया तक) पर 24.08 करोड रूपय के सडक सुधार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की निविदा की स्वीकृति दी गई। घाट की गुणी टोल प्लाजा पर उपयोगकर्ता शुल्क (टोल शुल्क) के संचालन, रखरखाव और संग्रह के लिए 91.11 करोड़ रूपये की निविदा का कार्योत्तर स्वीकृति दी गई। जोन-7 में सी-जोन बाईपास से मुंडिया रामसर कल्वर्ट (सी-जोन बाईपास से सिरसी मोड तक) बॉक्स ड्रेन के निर्माण कार्य के लिए (चरण-I) हेतु 9.38 करोड़ रूपये एवं (चरण-II) हेतु 9.38 करोड़ रूपये की निविदा का अनुमोदन किया गया। सीकर रोड से बढारना जेडीए योजना तक मुख्य नाले का निर्माण तथा सब्जी मंडी पुलिया से उक्त नाले तक 100 फीट रोड के साथ नाली निर्माण कार्य के लिए 27.79 करोड़ रूपये की निविदा का अनुमोदन किया गया।

नशा मुक्त जयपुर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हर संभव प्रयास हो सुनिश्चित : जिला कलक्टर

डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नशा मुक्त अभियान के लिए ई-शपथ पोर्टल का किया शुभारंभ

- **मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई**
- **कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की समिति की बैठक**
- **प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री रोकने एवं जागरुकता अभियान चलाने के भी दिये निर्देश**

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 03 दिसंबर। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नशा मुक्त जयपुर अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही, उन्होंने मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई हो साथ ही युवाओं को नशे की लत से दूर करने और दूर रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किये हैं। कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की राज्य स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जिला कलक्टर ने नशा मुक्त जयपुर की ई-शपथ की वेबसाइट को लॉन्च किया। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) की जयपुर जिला इकाई एवं MyGov दिल्ली की टीम के सहयोग से अल्प समय में इस पोर्टल को तैयार कराया। सक्षम जयपुर अभियान के तहत जयपुर को नशा मुक्त बनाने के लिए ई-शपथ पोर्टल का लोकार्पण किया। यह पोर्टल नशा मुक्त जयपुर के लिए वातावरण निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से जयपुर जिले के प्रत्येक युवा को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ने का प्रयास रहेगा। इस हेतु 21 लाख नागरिकों को ई-शपथ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पोर्टल के लिंक https://pledge.my-gov.in/nasha-mukt-jaipur/ का उपयोग कर ई-शपथ ली जा सकती है।इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलवाई एवं बैठक के दौरान ही अधिकारियों को ई-शपथ का प्रमाण पत्र भी वितरित किया।जिला कलक्टर ने नशा मुक्त जयपुर को जन अभियान बनाने एवं युवाओं को नशे की जद में आने से बचाने के लिए सघन जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को विद्यालयों एवं कॉलेजों के पास दवा दुकानों की जांच करने एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री, तय सीमा से अधिक दवा बिक्री, बिना लाइसेंस के दवा बिक्री सहित समस्त प्रकार की अनियमितताओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को जिले में बिना लाइसेंस के संचालित अवैध नशामुक्ति केन्द्रों पर प्रभावी कार्रवाई के एवं नवजीवन योजना के चिन्हित व्यक्तियों परिवारों को योजना के लाभांवित करने के लिए निर्देशित दिये।बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूंड, पुलिस विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जिला औषधी निरीक्षक, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, वन विभाग सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

चमकता राजस्थान

चित्तौड़गढ़ (बाबू अग्नानी) चित्तौड़गढ़ अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम ने मंगलवार को जिला परिषद् सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, बजट घोषणाओं, डीएमएफटी के अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विभागीय घोषणाओं - योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने सहित आवश्यक निर्देश दिए।बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं और डीएमएफटी के अंतर्गत बकाया कार्यों को शीघ्र पूरा करने करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली और अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर आयोजन को सफल बनाने सहित आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग से समसा, डीएमएफटी और पीएम श्री योजना के अंतर्गत कार्यों की जानकारी ली और पीएम श्री योजना के अंतर्गत कार्यों की अलग से रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एवीवीएनएल से बिजली सप्लाई, कृषि कनेक्शन, जले हुए खराब ट्रांसफार्मर की स्थिति, रसद विभाग से खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ, एलपीजी आधार सीडिंग, मैपिंग आदि की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सीएमएचओ से आयुष्मान आरोग्य शिविरों की तैयारी,आयुष्मान कार्ड वितरण, वयः वंदन योजना के अंतर्गत कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे आवश्यक रूप से राजकाज पर ई-फाइलिंग, पेंडिंग फाइलों का एवं संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निस्तारण करेंबैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर भूमि अवाप्ति रामचंद्र खटीक ने आई गोट कर्मयोगी पोर्टल पर सभी कार्मिकों का रजिस्ट्रेशन करने और पाठ्यक्रम करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकार के 1 साल के कार्यक्रमों की तैयारी रखने, लोकार्पण - शिलान्यास का सर्टिफिकेट भिजवाने के निर्देश दिए इस अवसर पर डीएफओ विजय शंकर पांडे, एसीईओ राकेश पुरोहित, सीएमएचओ ताराचंद गुप्ता, उप निदेशक समाज कल्याण अशीन शर्मा, पीएचईडी एस ई सुनीत कुमार, उपनिदेशक उद्यान शंकरलाल जाट, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के उपनिदेशक प्रवीण जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा सूची से सक्षम को बाहर करो, वंचित को जोड़ो

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 03 दिसम्बर। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि विभाग द्वारा चलाये जा रहे गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा सूची से सक्षम व्यक्ति अपना नाम आगामी 31 जनवरी तक स्वेच्छा से हटा लें अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इनका नाम हटाने से खाद्य सुरक्षा सूची में पात्र लाभार्थियों को जोड़ा जा सकेगा ।इसकी जागरूकता के लिए राशन की दुकानों पर पोस्टर लगवाये जाए, साथ ही प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। आगामी 1 जनवरी से खाद्य सुरक्षा पोर्टल शुरू होगा। गोदारा ने मंगलवार को सचिवालय में विभाग की समीक्षा बैठक में जिला रसद अधिकारियों की बैठक में सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया का सरलीकरण करने के लिए सुझाव भी प्राप्त किये गए।उन्होंने खाद्य सुरक्षा के लाभार्थियों की एलपीजी आईडी व आधार नंबर की सीडिंग तथा ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा की तथा 31 दिसंबर के पश्चात ई-के वाई सी नहीं करवाने वालों के नाम सूची से हटाने के निर्देश दिए । उन्होंने निर्देश दिए कि सप्ताह में एक दिन एलपीजी सिलेंडरों के दुरुपयोग व अवैध रिफलिंग के लिए औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की जाए। जिससे रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना में घरेलू सिलेंडरों का दुरुपयोग नहीं हो ।

उन्होंने राशन डीलर की मृत्यु पश्चात अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित मामलों के बारे में कहा कि इन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाय। गेहूं के परिवहन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के बजाय नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिये गए ।उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि र अवैध गैस रिफलिंग का कार्य करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें।उन्होंने आवंटन सलाहकार समिति के सदस्यों के आईडी कार्ड जारी किए जाए, एनएफ एसए से पूर्व में जुडे रिटायर्ड सरकारी कर्मचारियों से वसूली के संबंध में उनकी पेंशन में से वसूली का प्रावधान विकसित करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने जिलेवार प्रगति की समीक्षा की एवं कार्य करने में आने वाली व्यवहारिक समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव लिए।प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने प्रारंभ में बैठक की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए।

जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ के निर्देशन में पुलिस थाना विश्वकर्मा ने की बडी कार्यवाही

ए.टी.एम. की बैट्रीयों चोरी होने की वारदात का किया त्वरित खुलासा

- **02 शातिर चोरो को मय बैट्रियों व एक ई-रिक्शा के किया गिरफ्तार।**
- **मुल्जिमो से कई चोरी की वारदातो का हुआ खुलासा**

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की 03 बैट्रीयो सहित वारदात में प्रयुक्त कँचीनूमा वायर कटर व घटना मे प्रयुक्त वाहन ई-रिक्शा व मुल्जिमो ने भय कारित करने के उद्देश्य से अपने पास रखा एक चाकू को भी किया गया बरामद।पुलिस उपायुक्त जिला जयपुर पश्चिम अमित कुमार आई.पी.एस.ने बताया कि जयपुर शहर मे हो रही चोरियों/नकबजनी व सम्पत्ति संबंधी अपराधो की रोकथाम हेतु पुलिस आयुक्त जयपुर के निर्देशानुसार जिला जयपुर पश्चिम के सभी थानाधिकारीयो को टीम बनाकर चोरी की वारदात करने वाले अपराधियो को गिरफतार करने के लिए निर्देशित किया गया था।

गठित टीमः- वारदातो की गंम्भीरता को देखते हुये अपराधियो पर कडी निगरानी रखने व गिरफ्तार करने के लिए आलोक सिंघल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम एवं चन्द्र प्रकाश सहायक पुलिस आयुक्त वृत्त चौमू जिला जयपुर पश्चिम के निकट सुपरविजन मे पुलिस थाना विश्वकर्मा जिला जयपुर पश्चिम थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार शर्मा पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व मे पुलिस थाना विश्वकर्मा जयपुर पश्चिम पर गठित विशेष टीम द्वारा ईलाका थाना विश्वकर्मा के औधोगिक क्षेत्र में वित्तीय संस्थानो वगैराह में विशेष निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान रोड नम्बर 17 पर जरिये मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कार्यवाही कर ए.टी.एम. में लगी चोरी गई 03 बैट्रीयों सहित वारदात में प्रयुक्त कैचीनूमा वायर कटर व घटना में प्रयुक्त वाहन ई-रिक्शा व मुल्जिमो ने भय कारित करने के उद्देश्य देश्य से अपने पास रखा एक चाकू भी बरामद कर 02 शातिर मुल्जिमो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। तरीका वारदातः गिरफ्तार किये गये मुल्जिमो में से मुल्जिम निरंजन स्वामी पूर्व में बैट्रियों का कार्य करता था तथा वह बैट्रियों के बारे में विशेष जानकारी रखता था। उसने ए.टी.एम जैसे वित्तिय संस्थानों को निशाना बनाते हुये जयपुर शहर में जगह-जगह लगे ए.टी.एम. को निशाना बनाते हुये पूरे ए. टी.एम संस्थानों में लगी बैट्रियों चोरी करने लगा। इसी क्रम में पुलिस थाना विश्वकर्मा के रोड नम्बर 17 स्थित हिटैची कम्पनी के ए.टी.एम. में चोरी की गई बैट्रियों को ई-रिक्शा पर ले जाते हुये अभियुक्त यशपाल स्वामी व निरंजन स्वामी को गिरफ्तार किया जाकर अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की गई ए.टी.एम. की 03 बैट्रीयो सहित वारदात में प्रयुक्त कँचीनूमा वायर कटर व घटना में प्रयुक्त वाहन ई-रिक्शा व मुल्जिमो ने भय कारित करने के उद्देश्य से अपने रखा एक चाकू भी बरामद कर निरंजन स्वामी सहित 02 शातिर मुल्जिमो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है पुछताछ मे मुल्जिमानो ने पुलिस थाना बजाज नगर, करणी विहार सहित अन्य थाना क्षेत्र में लगे ए.टी.एम. की बैट्रीयाँ चोरी करने की वारदातों मुकदमो का भी खुलासा हुआ है।

सफलता प्राप्त करने वाली टीम

1. राजेन्द्र कुमार शर्मा पु.नि. थानाधिकारी2. मदनलाल स.उ.नि.
3. डालचन्द स.उ.नि.
4. विक्रम कुमार कानि. 4003
. 5. राज चौधरी कानि. 3540
6. दिनेश सिंह कानि. 2616
7. सुरेन्द्र कुमार कानि. 8795

गिरफ्तारशुदा मुल्जिमान का विवरणः-

(1). यशपाल स्वामी पुत्र लल्लु लाल स्वामी जाति स्वामी उम्र 36 साल निवासी प्लॉट नं 39, स्वामी बस्ती, गली नम्बर 01, कांतिचन्द्र रोड पारीक कॉलेज के पास पुलिस थाना सिंधी कैम्प जिला जयपुर।(2). निरंजन स्वामी पुत्र कैलाश चंद स्वामी जाति स्वामी उम्र 24 साल निवासी प्लॉट नं 60, स्वामी बस्ती, गली नम्बर 01, कांतिचन्द्र रोड पारीक कॉलेज के पास पुलिस थाना सिंधी कैम्प जिला जयपुर।

दिव्यांगजन कल्याण के उत्कृष्ट कार्य के लिए बाड़मेर जिला कलक्टर टीना डाबी सम्मानित

राज्य स्तरीय समारोह में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने किया सम्मानित

- जिला कलक्टर टीना डाबी की अभिनव पहल समन्वित प्रयास, सशक्त समाज अभियान
- प्रदेश स्तर पर बाड़मेर जिले में हुए दिव्यांग कल्याण कार्यों की सराहना

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी),03 दिसंबर। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर विशेष दिव्यांगजन के कल्याण और सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बाड़मेर जिला कलक्टर टीना डाबी को सम्मानित किया गया। इस दौरान बाड़मेर जिले में नवो बाड़मेर के तहत समन्वित प्रयास,सशक्त समाज अभियान की सराहना की गई।जयपुर में भगवंतसिंह सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री अविनाश गहलोत एवं आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव एच गुइटे ने बाड़मेर जिला कलक्टर टीना डाबी को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान बाड़मेर जिले में दिव्यांगजन कल्याण संबंधित कार्यों, नवो बाड़मेर के तहत समन्वित प्रयास,सशक्त समाज अभियान की सराहना करते हुए प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसकी तर्ज पर अभियान चलाने के बारे में अवगत कराया गया राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में चयनित विशेष योग्यजनों एवं विशेष योग्यजनां के लिए कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों तथा संस्थाओं को 10 हजार रूपए की राशि, प्रशस्ति पत्र एवं पु-रस्कार से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के वर्ष 2024-25 के बजट घोषणा बिंदु संख्या 92 की अनुपालना में बाड़मेर जिला कलक्टर टीना डाबी की ओर से जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहयोग से दिव्यांगजन कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए 'नवो बाड़मेर-समन्वित प्रयास सशक्त समाज अभियान' के रूप अभिनव पहल की गई। इस अभियान के माध्यम से दिव्यांगजन कल्याण की दिशा में बाड़मेर मॉडल जिला बनकर उभरा। तर्ज पर सरकारी कार्यालयों की दिव्यांग अनुकूल ऑडिट भी करवाई गई।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण की पहलः नवो बाड़मेर समन्वित प्रयास सशक्त समाज अभियान के जरिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण की अभिनव पहल की गई। इसके लिए उपखंड मुख्यालयों पर शिविर लगाकर मेडिकल बोर्ड से प्रमाण पत्र जारी करवाकर सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया। इसके अलावा वृहद स्तर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जरिए दिव्यांगजनों को सहायक अंग उपकरण उपलब्ध करवाए गए। बाड़मेर जिले में 6 अक्टूबर 2024 को नवो बाड़मेर समन्वित प्रयास सशक्त समाज अभियान की शुरूआत हुई। बाड़मेर मरुस्थलीय जिला होने के कारण अनेक चुनौतियां होने के बावजूद राज्य सरकार एवं प्रशासन के समन्वित प्रयास से यह अभियान दिव्यांगजनों के लिए वरदान साबित हुआ। जिला कलक्टर टीना डाबी ने अभियान के सफल आयोजन के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग,पंचायतीराज एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं संबंधित हितधारकों के साथ बैठकें करके शिविरों में विभागीय समन्वय के माध्यम से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाई। दिव्यांगजनों के रजिस्ट्रेशन एवं योजनाओं की जानकारी के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए गए। प्रत्येक शिविर स्थल पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की ओर से 10 ई-मित्र काउंटर की व्यवस्था की गई।

दिव्यांगजनों के पास पहुंची विशेषज्ञ टीम

» बाडमेर जिले की भौगोलिक विषमता एवं दूर दराज के क्षेत्रों में दिव्यांगजनों का चिह्नीकरण करना आसान कार्य नहीं था। इसके लिए समस्त उपखंड मुख्यालयों पर मेडिकल बोर्ड भेजे गए। इस बोर्ड में अस्थि, नेत्र, कर्ण, गला रोग सहित मनोरोग विशेषज्ञ शामिल थें

हजारों दिव्यांगों को मिला फायदाः

» दिव्यांग प्रमाण–पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड अनुमोदन शिविरों में 7025 लोगो का परीक्षण कर मेडिकल बोर्ड की ओर से 2130 दिव्यांग प्रमाण पत्र अनुमोदित किए गए। स्वावलंबन पोर्टल पर 2130 अनुमोदित प्रमाण पत्रों में से प्रथम स्तर पर 1477 का सत्यापन किया गया एवं 1545 यूडीआईडी कार्ड जारी किए गए। इसी तरह दिव्यांग शिविरों में 55 दिव्यांगजनों के 122 बच्चों को पालनहार योजना से जोड़ा गया। नवीनीकरण से वंचित दिव्यांगों के 875 बच्चों का नवीनीकरण किया गया और सत्र 2024–25 के लिए 39 लाख 37 हजार 500 रुपए की स्वीकृति जारी की गई। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत के 73 दिव्यांगजनों के नवीन आवेदन स्वीकृत कर लाभांवित किया गया। इसी तरह 310 रोडवेज पास जारी किए और मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 72 दिव्यांगजनों के आवेदन करवाए गए। मस्क्युलर डिस्ट्रोफी से पीड़ित दिव्यांगजनों को 1 लाख रुपए की इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर के लिए 72 दिव्यांगजनों का चिह्नीकरण करके आवेदन करवाया गया।

संक्षिप्त समाचार

गृह रक्षा संगठन के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मैराथन दौड़ का आयोजन

चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 3 दिसंबर। गृह रक्षा संगठन के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र जयपुर से मैराथन दौड का आयोजन किया गया। मैराथन में पुलिस महानिरीक्षक, गृह रक्षा संदीप सिंह चौहान ने शिरकत करते हुए मैराथन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं होमगार्ड स्वयंसेवकों की हौसला अफजाई की।गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र जयपुर की कार्यालय अध्यक्ष कमाण्डेन्ट श्रीमती सुमन ढाका की अगुवाई में मैराथन का शुभारम्भ संसार चन्द्र रोड स्थित गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र से हुआ, जिसमें अल्बर्ट हॉल, जेडीए सर्किल, हाईकोर्ट सर्किल, स्टेच्यू सर्किल व पांच बत्ती को शामिल करते हुए पुनः कार्यालय परिसर में मैराथन का समापन हुआ। उन्होंने बताया कि साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान और जिला स्तरीय परेड समारोह का आयोजन किया जाएगा।इस मैराथन दौड़ में केन्द्र के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित लगभग 300 होमगार्ड स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ कर हिस्सा लिया।

राज्यपाल ने ब्यावर जिले में अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक,

- विकास योजनाओं और कल्याण कार्यक्रमों का लाभ अंतिम छोर तक बैठे नागरिक को मिले - राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े

चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 3 दिसंबर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि विकास योजनाओं और कल्याण कार्यक्रमों का लाभ अंतिम छोर तक बैठे नागरिकों को मिलना चाहिए। उन्होंने कमजोर और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करने और हर एक पात्र व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किए जाने का आ''ान किया।राज्यपाल बागडे मंगलवार को ब्यावर में जिला स्तरीय बैठक में संबोधित कर रहे थे राज्यपाल ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं एवं वंचित वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से उत्थान के लिए प्रगतिरत कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए बिंदुवार उपलब्धियों की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सा, शिक्षा, ग्रामीण विकास, विद्युत वितरण, पेयजल सहित महत्वपूर्ण विभागों के अंतर्गत प्रभावी परिणाम देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे।उन्होंने प्रत्येक ग्राम में नल व विद्युत कनेक्शन की आपूर्ति सुनिश्चित करने और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने पर जोर दिया।उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धजन, एकल नारी,विशेष योग्यजन सहित अन्य जरूरतमंद वर्गों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियमित मिलती रहे । इसे सभी स्तरों पर सुनिश्चित किया जाए।बैठक में संभागीय आयुक्त महेशचंद्र शर्मा,जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे ।

तृतीय डीआरएम कप अन्तर विभागीय रेलवे किकेट प्रतियोगिता का समापन

फाइनल मुकाबला वाणिज्य विभाग ने जीता

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) दिनांक 03.12.2024 को गोवर्धन स्टेडियम आगरा छावनी में 31 डीआरएम कप का फाइनल मुकाबला वाणिज्य विभाग और जीआरपी विभाग के मध्य खेला गया, जिसमें जीआरपी विभाग ने टॉस जीता और पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वाणिज्य टीम ने 20 ऑवर में 9 विकेट पर 137 रन का लक्ष्य रखा, जिसमें बल्लेबाज राजेन्द्र जलाल नेगी ने 24 एव ललित कुमार ने 22 रनों की पारी खेली। गेंदबाजी में जी.आर.पी के तरफ से कुवर वीर चौधरी ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य के पीछा करने उतरी जी.आर पी टीम 20 ऑवर में 09 विकेट खोकर 110 रन ही बना सकी, जिसमे नदीम ने सर्वाधिक 35 गेंदों में 52 रन की पारी खेली। वाणिज्य की तरफ से गेंदबाजी में आजम ने 3 एवं राजेन्द्र जलाल नेगी ने 2 विकेट लिए। अंततः मुकाबले को वाणिज्य विभाग ने 27 रनों से जीत लिया। मैन ऑ×फ द मैच का पुरस्कार मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल द्वा-रा वाणिज्य विभाग के आजम को प्रदान किया, फाइनल मुकाबला के उपरांत पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह मे मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा प्रणव कुमार ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।प्रतियोगिता के समापन मैच में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय भुवनेश सिंह, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक समन्वय हर्षकेश मौर्या और वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजी० (परिचालन) पवन कुमार जयंत, वरि. मण्डल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर योगेश मित्तल मंडल परिचालन प्रबंधक कु.प्रशस्ति श्रीवास्तव मंडल वाणिज्य प्रबंधक बीएस चौहान, सहायक वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग वीरेंद्र सिंह एडीएमई अभिषेक प्रधान आदि मंडल के अधिकारीगण मौजूद थे। मेच के दौरान मंडल सचिव/खेलकूद धीरज शर्मा, कर्मचारी रवि कुमार झा. संदीप शुक्ला अजीत सिंह नीरज सिड नगरकोटी, मधुकाना राज्नैना, समय सिंह, देवेन्द्र शाव्य अदि उपस्थित थे।एमपायर कौशल शर्मा, विवेक यादव, विपिन सोलकी, सुरेंद्र सिंह कमेटी सदस्य शशांक जैन, स्वाति परिचाल, विश्व मोहिनी मिश्रा,शाहिद अंसारी, प्रणवेन्द्र आदि मौजूद थे।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की लोकसभाध्यक्ष सहित केन्द्रीय मंत्रियों से भेंट

चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 03 दिसम्बर। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने नई दिल्ली में मंगलवार को लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला सहित केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की।इस मुलाकात के दौरान दिलावर ने लोकसभाध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्रियों को प्रदेश में शिक्षा से जुड़ी योजनाओं से अवगत करवाया।

- **दिलावर ने जल संसाधन पर गठित मंत्रियों की बैठक में की शिरकत**

मदन दिलावर ने मंगलवार को जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जल संसाधन पर गठित 14 सदस्यीय कमेटी की पहली बैठक में भाग लिया। बैठक में विभिन्न राज्यों के मंत्रियों ने भाग लिया।केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल की अध्यक्षता में नई दिल्ली के श्रम शक्ति भवन में आयोजित इस बैठक में दिलावर ने प्रदेश की जल समस्याओं से संबंधित मुद्दों पर परिचर्चा करी।

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सुओमोटो के तहत सड़क सीमा से हटाए अतिक्रमण

चमकता राजस्थान

जयपुर,!(खलील कुरैशी) 03 दिसम्बर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते जोन-09 में सुओमोटो के तहत 7 नं. बस स्टैण्ड से सांगानेर आर.ओ.बी. तक करीब 04 कि.मी.तक दोनो तरफ रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त एवं मानसागर व बुद्धविहार के मध्य 60 फीट रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया। जोन-10 में सुओमोटो के तहत ट्रांसपोर्ट नगर से दिल्ली रोड़, खोले के हनुमान जी धोबी घाट तक करीब 04 कि.मी. तक रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-02 हसनपुरा के पास जेकब रोड़ कोकब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि राजस्थान राइजिंग ग्लोबल इवेन्टमेन्ट समिट के मध्य नजर जोन-09 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित 7 नं. बस स्टैण्ड से सांगानेर आर.ओ.बी. तक दोनो तरफ करीब 04 कि.मी. तक रोड़ सीमा पर करीब 100 स्थानों पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से बांस, छप्पर, त्रिपाल की झुग्गी झोपडियां लोहे के एंगल, टीनषेड़, टेबिल, कुर्सियां, थड़ी, ठेलें, होडिंग साइन बोर्ड इत्यादि लगाकर किये गये अतिक्रमणों के संबंध में अतिक्रमणकर्ताओं को सुओमोटो के तहत नोटिस जारी कर मुनादी की गई एवं अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद कियागयापरन्तुअ तिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा नगर निगम ग्रेटर के साथ सामूहिक अभियान का आयोजन कर आज दिनांकः 03.12.2024 को जोन-09 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।जेडीए द्वा-रा जोन-09 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित मानसागर व बुद्धविहार के मध्य 60 फीट रोड़ सीमा पर करीब 150मीटर.तककब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से गोबर की छान, लकडी, पत्थर इत्यादि डालकर किये गये अतिक्रमणों के संबंध में अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी कर मुनादी की गई एवं अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया परन्तु अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांकः 03.12.2024 को जोन-09 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वा-रा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।जेडीए द्वा-रा राजस्थान राइजिंग ग्लोबल इवेन्टमेन्ट समिट के मध्य नजर जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ट्रांसपोर्ट नगर से दिल्ली रोड़, खोले के हनुमान जी धोबी घाट तक 04 कि.मी. तक रोड़ सीमा के करीब 125 स्थानों पर कब्जा-अतिक्रमण कर अत्याधिक लम्बाई में बने अवैध चबूतरे, रैम्प, कबाड़ का सामान डालकर, लोहे के एंगल, तिरपाल, थड़ी, ठेलें, होडिंग साइन बोर्ड, टेबिल, कुर्सियां इत्यादि लगाकर किये गये अतिक्रमणों के संबंध में अतिक्रमणकर्ताओं को सुओमोटो के तहत नोटिस जारी कर मुनादी की गई एवं अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया परन्तु अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वा-रा नगर निगम हेरिटेज के साथ सामूहिक अभियान का आयोजन कर आज दिनांकः 03.12.2024 को जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।इसी प्रकार जोन-02 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित हसनपुरा के पास जेकब रोड़ पर करीब 08 स्थानों पर अस्थाई अतिक्रमण कर लगाये गये थड़ी, ठेलें, होडिंग साइन बोर्ड इत्यादि को आज जोन-02 राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-09, 10, 02 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। उप महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित षिकायतों के संबंध में वे स्वंय उपस्थित होकर; कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7; हेल्प लाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरियेमेलcce.jda@rajasthan.gov.in&enforcement.jda@rajasthan.gov.in पर अवैध निर्माण/ कब्जा/अतिक्रमण इत्यादि की शिकायत/परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।

कबई में देर रात पांच मकानों से चोरी की बारदात, करीब डेढ़ लाख नगदी सहित 60 तौला सोने के आभूषण चोरी

चोरी की घटना पर ग्रामीणों में गुस्सा, चोरी का खुलासा नही होने पर एक पीडित ने दी आत्मदाह की चेतावनी

चमकता राजस्थान

नदबई,(राजवीर सिंह)। नदबई क्षेत्र के गांव कबई में देर रात अज्ञात बदमाशों ने पांच मकानों से करीब डेढ़ लाख की नगदी सहित 60 तौला सोने के आभूषण सहित अन्य कीमती सामान चोरी की बारदात को अंजाम दिया। एक साथ पांच मकानों से चोरी की बारदात होने पर ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताते हुए एसडीएम को ज्ञापन दिया। जिसमें ग्रामीणों ने शीघ्र मामलें का खुलासा नही होने पर धरना प्रदर्शन करने को कहा। बाद में विधायक जगत सिंह ने मौके पर पहुंच पुलिस अधिकारियों के समक्ष नाराजगी जताई। वही, मुख्यमंत्री का गृहक्षेत्र होने के बावजूद नदबई व लखनपुर में चोरी की बारदात नही थमने पर पुलिस गश्त बढाने व चार दिवस में आरोपी गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

विधायक की नाराजगी देख एडीशनल एसपी जयनारायण मीणा व पुलिस सीओ अमर सिंह राठौड़ ने मौके पर पहुंच जांच पडताल की। वही, डॉग स्क्वायड़ व जिला एफेसल टीम की सहायता से साक्ष्य एकत्रित कर अज्ञात बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास किया। पुलिस ने अलग-अलग टीम गठित कर दबिश दी। लेकिन, बदमाशों का सुराग नही लग सका।

विधायक ने पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश, चार दिवस में बदमाशों को गिरफ्तार करने के निर्देश

- **परिजन सोते रहे, बदमाश चोरी कर ले गए सामानः-**

सूत्रों की मानें तो कबई निवासी हुकम सिंह पुत्र कल्याण सिंह अपनी पत्नी के साथ कमरे में सो रहा। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने कमरे की कुंदी लगाते हुए दम्पत्ति को बंद कर दिया। बाद में दूसरे कमरे में रखी अलमारी से 65840 रुपए की नगदी सहित 45 तौला सोने के आभूषण, 45 किलो घी व अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए। बच्चू सिंह पुत्र बदन सिंह के मकान से 55 हजार की नगदी एवं दस तौला सोने व आधा किलो चांदी के आभूषण चोरी हुए। पीडित जयसिंह पुत्र सूरज के मकान से 20 हजार नगदी व एक किलो चांदी व तीन तौला सोने के आभूषण, प्रताप सिंह पुत्र दयाचंद के मकान से 7500 नगदी, आधा किलो चांदी के आभूषण व दस किलो घी एवं गुड्डू सिंह पुत्र नारायण सिंह के मकान से तीन तौला सोने के आभूषण व करीब दो हजार की नगदी चोरी हुई।

- **पीडित ने दी आत्मदाह की चेतावनीः-**

पीडित हुकम सिंह ने पुत्रवधु व तीन पुत्रियों के अलमारी में रखे 45 तौला सोने के जेबरात चोरी होने से क्षुब्ध होकर पुलिस अधिकारियों के समक्ष चोरी का खुलासा करने की गुहार लगाई। वही, चोरी की बारदात का खुलासा नही होने पर आत्मदाह करने को कहा। बाद में विधायक ने पीडित से समझाइस करते हुए हरसंभव सहयोग करने व चार दिन में खुलासा नही होने पर ग्रामीणों के साथ सडक पर धरना प्रदर्शन करने के आश्वासन देने पर मामला शांत हुआ।

संक्षिप्त समाचार

नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन को मिला ओबीसी व अन्य संगठनों का समर्थन

चमकता राजस्थान। फुलेरा (दामोदर कुमावत)। रेलवे में यूनियन की मान्यता को लेकर चुनाव प्रचार में नॉर्थवेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन ने पूरी ताकत झोंकी, यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यों का प्रचार चरम सीमा पर चल रहा है इसी बीच नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन को उत्तर पश्चिम रेलवे में कार्यरत ज्यादातर एसोसिएशनो ने 04,05 एवं 06 दिसंबर 2024 को होनेवाले मान्यता के चुनाव में जबरदस्त समर्थन मिला है। समर्थन देने वाली एसोसिएशनो में उत्तर पश्चिम रेलवे ओबीसी एम्पलाइज एसोसिएशन, भारतीय रेलवे संकेत एवं दूरसंचार अनुरक्षण संघ, एसोसिएशन ऑफ रेलवे नर्सिंग ऑफ़ इंडिया , इंडियन रेलवे फार्मासिस्ट एसोसिएशन, ऑल इंडिया प्वाइंट्स एसोसिएशन, ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन,ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन शामिल है।

ज्यादातर एसोसिएशनो के नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन को समर्थन देने से तथा यूनियन की कार्यशैली से सभी कर्मचारी बहुत ही प्रभावित है। एम्पलाइज यूनियन के जयपुर मंडल अध्यक्ष स अहलावत ने बताया कि यूनियन का किसी भी राजनीतिक दल से संबंध नहीं है इसलिए यूनियन लगातार कर्मचारी एवं उनके परिवार के सर्वांगीण विकास के लिए निर्भीक होकर कार्य करती है। मान्यता के लिए हुए पिछले चुनाव में उत्तर पश्चिम रेलवे में यूनियन प्रथम स्थान पर रही थी तथा इस बार भी ज्यादातर एसोसिएशनो का समर्थन मिलने से नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन को कर्मचारियों का जबरदस्त समर्थन एवं मत मिलने की संभावना है।

एसडीएम हेमंत कुमार घनघोर ने बाड़ी उपखंड कार्यालय पर कार्य ग्रहण किया, स्वागत समारोह आयोजित

चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी उपखंड कार्यालय में आज, 3 दिसंबर 24 को नव नियुक्त एसडीएम हेमंत कुमार घनघोर ने बाड़ी उपखंड कार्यालय पर कार्य ग्रहण किया। इस अवसर पर एसडीएम और उनके पिता रमेश चंद घनघोर का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया, और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया।

स्वागत समारोह में एसडीएम साहब की धर्मपत्नी रिंकी घनघोर, जो कि उप निदेशक समाज कल्याण विभाग करौली मैं कार्यरत हैं, बो भी उपस्थित रही। इसके अलावा, पूर्व जिला परिषद सदस्य डालचंद पहाड़िया, धनुकापुरा के सरपंच राकेश कुमार पहाड़िया, मुकूल पहाड़िया, करौली के वकील रामगोपाल, बच्चू सिंह रावत खानपुर, मीना राजबीर सिंह नागर कोडापुरा, राशन डीलर योगेश कुमार जादौन कंचनपुर, रमेश चंद्र नागर बसेड़ी और रामनाथ सोलंकी वकील सहित कई गणमान्य लोग भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी ने एसडीएम बाड़ी को शुभकामनाएं दीं और उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुनीपुर में बाल संसद का गठन, लोकतंत्र प्रणाली से चुनाव सम्पन्न

चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी उपखण्ड के गांव , सुनीपुर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुनीपुर में मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से और प्रधानाचार्य रामस्वरूप मीणा की अध्यक्षता में बाल संसद का गठन लोकतांत्रिक प्रणाली से किया गया। इस प्रक्रिया में विद्यालय के कक्षा 6 से 8 तक के छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़कर वोट डाले और लोकतंत्र के महत्व को समझा।

निर्वाचन में निम्नलिखित उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल कियाः मंसुका, आस्था, राज, राखी, सुमित, वंदना, लोकेश, प्राची, हरेंद्र, नेन्शी, कनिष्क कुमार मीणा, प्रांशी, बीकेश वोटिंग की प्रक्रिया में भाग लिया। जीवन कौशल शिक्षक रविंद्र तोमर, मनोज पुरी, गणेश मीना, कन्हैयालाल बैरवा और गिर्राज ने अपनी भूमिका निभाई। मतदान परिणामों की घोषणा के बाद, प्रधानाचार्य रामस्वरूप मीणा और सरपंच प्रतिनिधि रामकेश मीणा ने विजयी उम्मीदवारों को शपथ दिलाई। जीतने वाले उम्मीदवार इस प्रकार हैंः

कनिष्क कुमार मीणा - प्रधानमंत्री, मंसुका - खेल मंत्री, नेन्शी - शिक्षा मंत्री, हरेंद्र - पर्यावरण मंत्री, प्राची - स्वास्थ्य मंत्री, रही, प्रधानाचार्य रामस्वरूप मीणा, सरपंच प्रतिनिधि रामकेश मीणा, जीवन कौशल शिक्षक रविंद्र तोमर और अन्य शिक्षकगण ने विजयी उम्मीदवारों को उनके कार्यों की जिम्मेदारी समझाई और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अकादमिक शिक्षक बुनियाद खान, मनोज पुरी, गणेश मीना, कन्हैयालाल बैरवा, संगीता, गिर्राज सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

दीवानपुरा, खैमरी और हरियापुरा के ग्रामीणों की बड़ी मांगः लेपा के टैंक खाली सड़क एवं सड़क के किनारे नहीं कराए जाएं, राहगीरों को हो रही भारी परेशानी

चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण। सरमथुरा उपखण्ड के दीवानपुरा, खैमरी और हरियापुरा के ग्रामीणों ने विधायक से अपील की है। कि उनके गांवों के मुख्य रास्तों पर स्थित लेपा के टैंकों को तुरंत प्रभाव से बंद कराया जाए, क्योंकि इन टैंकों के कारण राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या दिन- ब-दिन गंभीर होती जा रही है, और इसके चलते कई बार हादसे भी हो चुके हैं। ग्रामीणों के अनुसार, इन टैंकों के कारण रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और अन्य नागरिकों को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कई बार ट्रैक्टर के मालिकों से अनुरोध किया गया है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

ग्रामीणों ने विधायक से यह मांग की है। कि इस गंभीर मुद्दे पर शीघ्र ध्यान दिया जाए और प्रशासन के माध्यम से कानूनी कार्रवाई की जाए। उनका मानना है। कि अगर जल्दी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो इसका असर न केवल ग्रामीणों की सुरक्षा पर पड़ेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास कार्यों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

"ईवीएम छोड़ो बैलेट जोड़ों जागरूक यात्रा" से पूर्व बदलेंगे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

चमकता राजस्थान/(अत्री कुमार दाधीच)।

जयपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईवीएम छोड़ो बैलेट जोड़ों जागरूकता यात्रा से पूर्व पाँच प्रदेश के अध्यक्ष बदलने का मानस बना लिया है यह यात्रा संभवतया 14 जनवरी से शुरू होगी राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने सीडब्लूसी की बैठक में यह मामला उठाते हुए बताया था कि हरियाणा,राजस्थान,महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में ईवीएम में बैलेट से ज़्यादा मत मिले इसके सबूत सुप्रीम कोर्ट में दिए जा चुके हैं ऐसे में ईवीएम पर अब भरोसा नहीं रहा यह लोकतंत्र के लिए घातक है यात्रा की सफलता के लिए इंडिया गठबंधन के सभी दलों के साथ विचार विमर्श कर फ़ैसला लिया गया है यह यात्रा पूरे देश में सफलता के आयाम छुए इसके लिए पाँच प्रदेशों के प्रदेशाध्यक्ष में परिवर्तन किया जा रहा है

मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश में कांग्रेस के घटते जनाधार को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से जवाब तलब किया है सूत्रों ने बताया गोविंद सिंह डोटासरा कि प्रदेश अध्यक्ष पद पर किन परिस्थितियों में ताज़पोशी हुई थी ताज़पोशी के सूत्रधारों ने घटते जनाधार के चलते पल्ला झाड़ लिया है हालाँकि गोविंद सिंह डोटासरा ने उपचुनाव में हार का कारण सांसदों एवं अन्य नेताओं से इलाक़े के लोगों की नाराज़गी मानकर आलाकमान को संतुष्ट करने का प्रयास किया लेकिन आलाकमान इससे संतुष्ट नहीं दिखाई देता आलाकमान ने प्रदेश की बागडोर अन्य के हाथों में देने का मानस बना लिया है इसी के चलते तहत सांसदों एवं अन्य नेताओं से चर्चा की जा रही है

सूत्रों के अनुसार चलते चुनावों के दौरान सोनिया गांधी एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूर्व राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरमैन से संगठन को लेकर लंबी बातचीत की है हालाँकि पूर्व चेयरमैन ने इस चर्चा को लेकर खुलकर कोई बात बताने से गुरेज़ कर रही है लेकिन उनका मानना है कि जल्द ही प्रदेश कांग्रेस की बागडोर अन्य के हाथों में देने का मानस आलाकमान बना चुका है दूसरी ओर ठेकेदारी से संगठन महासचिव बने ललित तूनवाल कार्यकारिणी की सूची बनाने में जुटे हुए हैं ज्ञातव्य है कि डॉक्टर बीडी कल्ला के अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान सोनिया गांधी ने बरकरार रखने का वादा किया था यह वादा लेकर बहरोड़ नहीं पहुँच पाए थे की नए अध्यक्ष अध्यक्ष की ताज़पोशी ने सबको चौंका दिया था। आगामी दिनों में प्रदेश को नए नेतृत्व मिलने की प्रबल संभावनाएं हैं वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष को पाँच वर्ष पूरे पूरे हो गए हैं ऐसे में यह सतत प्रक्रिया का अंग माना जा रहा है हालाँकि प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा प्रदेश में परिवर्तन न हो इसके लिए अपने आका के ज़रिये समर्थकों को आला कमान से मिल कर संतुष्ट करने में जुटे हुए हैं लेकिन आलाकमान इससे कितना संतुष्ट होगा ये आने वाला समय बताएगा ।

विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु सहायता शिविर बुधवार को वरपुरा बाड़ी में आयोजित

चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देषानुसार जिले में घुमन्तु समुदाय विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु के विकास हेतु आवष्यक दस्तावेज जारी करने हेतु सहायता शिविर जिले में आयोजित किये जा रहे हैं। बुधवार को राजीव गांधी सेवा केन्द्र वरपुरा बाड़ी में समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जायेगा। विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर में सम्बन्धित समुदाय के व्यक्तियों के आवशयक दस्तावेज जैसे वोटर आईडी, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र एवं योजनाओं का लाभ जैसे आवासहीन व्यक्तियों को निःशुल्क भूमि आवंटन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित भूमि, आवास की व्यवस्था, पालनहार योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, निःशुल्क दवाई वितरण किट का लाभ प्रदान किया जायेगा। क्षेत्र के समस्त घुमन्तु समुदाय विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु के लोग कैम्पों में उपस्थित होकर आवशयक दस्तावेज एवं योजनाओं के लाभ से लाभान्वित हो सकते हैं।

दिव्यांगजन के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित, नए नियमों से मिली जानकारी

चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार आज 03.12.2024 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर द्वारा मयूरी विशेष विद्यालय में दिव्यांगजन के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्याय रक्षक (सहायक एलएडीसी) दीपक सिंह सिकरवार और सुश्री आराधना शर्मा ने दिव्यांगजन को नए नियमों और उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। दीपक सिंह सिकरवार ने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार (संशोधन) नियम, 2024 को 19 जून, 2024 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया गया था, जो तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं। इन नियमों का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के लिए शारीरिक पहुंच में सुधार और बेहतर सेवाएं देना है। उन्होंने बताया कि इन नियमों के तहत दिव्यांगता प्रमाण पत्र और विशेष दिव्यांगता पहचान कार्ड (वउक्रळ) के लिए आवेदन प्रक्रिया को सरल और सुव्यवस्थित किया गया है। इसके अलावा, पुलिस स्टेशनों, जेलों और आपदा न्यूनीकरण केंद्रों में दिव्यांगजन के लिए सुगम्यता सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। रेलवे स्टेशनों पर दिव्यांग व्यक्तियों और कम गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए सुविधाएं प्रदान की गई हैं। उन्होंने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत दिव्यांगता के 21 प्रकारों के बारे में भी जानकारी दी, जिनमें दृष्टि, श्रवण, चलन और मांसपेशी विकार शामिल हैं। सुश्री आराधना शर्मा ने न्क्प्क पोर्टल के बारे में बताया, जिससे दिव्यांगजन दिव्यांगता प्रमाण पत्र और कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। नए नियमों के तहत, रंग-कोडित वउक्रळ कार्ड भी पेश किए गए हैं, जो दिव्यांगता के विभिन्न स्तरों को दर्शाते हैं। उदाहरण के लिए, 40% से कम दिव्यांगता के लिए सफेद, 40-79% के लिए पीला और 80% या उससे अधिक दिव्यांगता वाले लोगों के लिए नीला कार्ड होगा।

नए नियम यह सुनिश्चित करते हैं कि मेडिकल अधिकारियों को तीन महीने के भीतर दिव्यांगता प्रमाण पत्र और वउक्रळ कार्ड जारी करना चाहिए। यदि कोई आवेदन दो साल से अधिक समय तक अनसुलझा रहता है, तो उसे निष्क्रिय मान लिया जाएगा। शिविर के दौरान मयूरी विशेष विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें ₹तारे जमीन पर₹ और ₹लुक्का छुप्पी₹ जैसे गाने शामिल थे। इस शिविर में डॉ. राधेशयाम गर्ग, डॉ. भूपेन्द्र पाराशर, ललित शर्मा, पीयूष पाराशर, राकेश, दिनेश, मुक्ति त्यागी, कामनी, ललिता और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टेनो राहुल दण्डोतिया, वरिष्ठ सहायक जगदीश सिंह जादौन समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

जयसिंहपुरा खोर बना भू माफियाओं का गढ़, पत्रकारों से मारपीट, एफ.आई.आर दर्ज

इस कायराना हमले की पत्रकार संगठनों ने कड़े शब्दों में करी निंदा, जताया घौर विरोध,

चमकता राजस्थान

जयपुर। एक तरफ भजनलाल सरकार गुड़ गवर्नेंस, प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं वहीं दूसरी ओर प्रदेश में संविधान के चौथे और सबसे मजबूत स्तंभ मीडिया पर लगातार हमलें कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं जिसको लेकर पत्रकारिता जगत में भय का माहौल व्याप्त हो रहा है इसके चलते राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग ने जोर पकड़ लिया है, पत्रकारों पर हमले का ऐसा ही ताजा घटनाक्रम कर राजधानी जयपुर के जयसिंहपुरा खोर इलाके में भू माफियाओं और जमीन अतिक्रमियों के हौसले बुलंद हैं। भू माफिया लंबे समय से कब्जा कर अवैध कॉलोनियाँ काट रहे हैं, जिसमें विशेष तौर पर अफजल विहार एवं अफजल बिहार अ शामिल हैं। लगातार स्थानीय लोग शिकायत कर रहे हैं, लेकिन जेडीए दस्ता वहां पर कार्यवाही करने में नाकाम साबित हो रहा है। जेडीए के जोन-दो में स्थित मानपुर सड़वा का यह इलाका लगातार अतिक्रमण के कारण सुर्खियों में बना रहता है, लेकिन अधिकारियों और भू माफिया की मिलीभगत के कारण कार्यवाही अंजाम तक नहीं पहुंच पाती है।सोमवार को जब 'दैनिक आपका साक्षी' के विशेष संवाददाता एवं 'चौपाल समाचार' (जनता की चौपाल) की टीम, जिसमें एडिटर लक्ष्मीकांत पारीक, रिपोर्टर शिखा पुरोहित, और टेक्नीशियन भावेश जांगिड़ शामिल थे, राइजिंग राजस्थान के चलते रिपोर्टिंग करने पहुंची, तो वहां पर स्थानीय लोगों ने बड़े अवैध निर्माण एवं कब्जे की जानकारी दी।जैसे ही चौपाल समाचार की टीम वहां पहुंची, स्थानीय भू माफिया ने अभद्रता करना शुरू कर दिया एवं मारपीट पर उतारू हो गए। इस घटना की जानकारी तुरंत प्रभाव से स्थानीय पुलिस थाना जयसिंहपुरा खोर को दी

अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई करने की करी मांग

गई, और पुलिस टीम को मौके पर बुलाया गया। मौके पर पहुंचे सब-इंस्पेक्टर नरेंद्र ने हाथों-हाथ तफ्तीश की एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।यह जानकारी इलाके के एसीपी भोपाल सिंह भाटी को भी दी गई, जिन्होंने कार्रवाई का पूर्ण आश्वासन दिया। इस अवैध कब्जे एवं प्लाटिंग की जानकारी मौके से ही हवा महल क्षेत्र के विधायक बालमुकुंद आचार्य को भी दी गई, जिन्होंने तुरंत प्रभाव से जेडीए में इस बड़े अतिक्रमण और अवैध निर्माण की शिकायत दर्ज कराई। स्थानीय पार्षद सुरेश सैनी ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए पुलिस एवं स्थानीय सहायता प्रदान की, जिससे पत्रकारों को राहत महसूस हुई। गौरतलब है कि खसरा नंबर 129 और 133 में घनघोर अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण की लगातार कई वर्षों से शिकायत है, लेकिन भू माफिया की मिलीभगत के चलते कोई बड़ी कार्रवाई अंजाम तक नहीं पहुंच पाती है। पिछले कुछ दिनों पहले जेडीए ने कार्यवाही करने का प्रयास भी किया था, लेकिन मिलीभगत के चलते अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण निर्बाध रूप से जारी रहे। ताज़ा जानकारी के अनुसार ऋक्षफ्र के बाद तहसीलदार सुभाष स्वामी से रिपोर्ट तलब है ।

स्थानीय सूत्रों ने यह भी बताया कि नासिर खान द्वारा यहां दिल्ली मुख्य रोड पर एक होटल 'द हेरिटेज' नाम परिवर्तन (अब अमराहा) संचालित की जा रही है, जो कि इकोलॉजिकल जोन में है और नाले के बहाव क्षेत्र में है। जेडीए में इसकी शिकायत दर्ज है।इस पर चौपाल समाचार टीम ने जेडीए में प्रवर्तन शाखा के डीआईजी कैलाश चंद्र बिश्नोई से फोन पर संपर्क कर अवैध निर्माण और कब्जों की जानकारी दी, तो उन्होंने तुरंत एवं बिना पक्षपात के कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और बताया कि जेडीए लगातार कारवाइयां करते हुए जयपुर के कई क्षेत्रों में सरकारी भूमि को अतिक्रमियों से मुक्त करा चुका है।पत्रकार चौपाल समाचार के एडिटर लक्ष्मीकांत पारीक, रिपोर्टर शिखा पुरोहित, और टेक्नीशियन भावेश जांगिड़ जनहित के कार्यों सड़क, बिजली, पानी के अवैध कनेक्शन्स तथा राइजिंग राजस्थान के चलते जनता के कार्यों की रिपोर्टिंग के लिए दिल्ली रोड एवं उसके आसपास के क्षेत्र में गए थे, जो भू माफियाओं को नागवार गुजरी।यह अवैध कब्जे और निर्माण की घटनाएं संपूर्ण राजस्थान से आ रही हैं और इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है, जिससे एक सख़्त संदेश अतिक्रमी भू माफ़ियाओं तथा भ्रष्ट अधिकारियों में जा सके। आपकों बता दें कि पत्रकारों पर हुए इस कायराना हमले की पत्रकार संगठनों ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए घटनाक्रम पर घौर विरोध जताते हुए संबंधित पुलिस प्रशासन से शीघ्र संज्ञान लेते हुए अपराधियों को तुरंत गिरफ़्तार करने की मांग करते हुए त्वरित प्रभावी कानूनी कार्रवाई को लेकर लामबंद हुए अन्यथा पत्रकार संघ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेगा।

संक्षिप्त खबरें

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम एशिया कप के लिए ओमान रवाना

बेंगलुरु। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम प्रतिष्ठित महिला जूनियर एशिया कप 2024 के लिए मंगलवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मस्कट ओमान के लिए रवाना हुई। जूनियर एशिया कप जो एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट है, 7 दिसंबर से 15 दिसंबर 2024 तक मस्कट, ओमान में आयोजित होने वाला है। भारतीय जूनियर महिला टीम पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से भिड़ेगी जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल होंगे। गत चैंपियन के रूप में, भारत के अभियान की अगुवाई कप्तान ज्योति सिंह के साथ-साथ उप-कप्तान साक्षी राणा करेंगी और टीम में ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिनके पास सीनियर टीम के साथ खेलने का अनुभव है जैसे वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनेलिता टोप्पो, मुमताज खान, दीपिका और ब्यूटी डुंगडुंग जबकि टीम के कोच भारत के पूर्व कप्तान तुषार खांडकर हैं। टीम रवानगी से पहले ज्योति सिंह ने कहा, ₹हम अपने अभियान को लेकर बहुत आश्वस्त और उत्साहित हैं। हमारे पास एक अच्छी, अनुभवी टीम है।

विक्टर एक्सेलसेन पैर की चोट के कारण बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल से बाहर

नई दिल्ली। डेनिश बैडमिंटन स्टार विक्टर एक्सेलसेन 13 से 17 दिसंबर, 2024 तक हांगझू, चीन में खेले जाने वाले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में हिस्सा नहीं लेंगे। एक्सेलसेन ने सोशल मीडिया पर उक्त घोषणा की। एक्सेलसेन ने एक्स पर लिखा दुर्भाग्य से मैं इस दिसंबर में एचएसबीसी वर्ल्ड टूर फाइनल में भाग लेने में असमर्थ हूं। मैं अपने बाएं पैर में चोट से जूझ रहा हूं, जिससे मुझे कई समस्याएं हो रही हैं और दीर्घकालिक समस्याओं से बचने के लिए मुझे तुरंत इससे निपटने की सलाह दी गई है। दो बार के विश्व चैंपियन एक्सेलसेन ने इस साल जुलाई में ओलंपिक खेलों में अपने पुरुष एकल स्वर्ण पदक का बचाव किया, उन्होंने थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न को दो गेम में आसानी से हराया।

आश्विक ने नोएडा के सांगवान को दी मात

लखनऊ। उप्र स्टेट टेनिस चैंपियनशिप में मंगलवार को सेमी फाइनल मैच खेले गये, जिसमें खिलाड़ियों ने जमकर पसीने बहाये। लखनऊ के आश्विक श्रीवास्तव ने नोएडा के प्रथम सांगवान को 6-3 से मात दी। वहीं प्रयागराज के हरीश खान ने गाजियाबाद के आरिव गुप्ता को 6-3 से हरा दिया। मिनी स्टेडियम विजयंतखंड, गोमतीनगर में आयोजित उप्र स्टेट टेनिस चैंपियनशिप में ब्वॉयज अंडर-10 के सेमीफाइनल राउंड में लखनऊ के आश्विक श्रीवास्तव ने नोएडा के प्रथम सांगवान को 6-3 से हरा दिया। पहले सांगवान ने बढ़त बनायी लेकिन आगे चलकर पिछड़ गये और अंत तक पिछड़े ही रह गये। वहीं लखनऊ के रुद्रांश पांडेय ने लखनऊ के ही आडविक को 6-1 से हराकर फाइनल राउंड में प्रवेश किया।

ब्रजेश ने शानदार गेंदबाजी के साथ ही की धुआंधार बल्लेबाजी, लखनऊ एकेडमी ने जीता मैच

लखनऊ। बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के सी डिवीजन में लखनऊ क्रिकेट एकेडमी ने आर.के. सीनियर सेकेंड्री क्लब को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में ब्रजेश सिंह ने शानदार गेंदबाजी के साथ ही धुआंधार बल्लेबाजी भी की। सीनियर सेकेंड्री ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 205 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज शिवम ने 16 रन का योगदान दिया। वहीं अश्वनी कुमार ने 35 रन बनाये, जबकि सौनिक मित्रा ने 28 रन का योगदान दिया। वहीं लखनऊ क्रिकेट एकेडमी ने तीन विकेट खोकर 206 रन बना लिये। और सात विकेट से मैच को जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अक्षत मात्र एक रन बनाकर आउट हो गये। वहीं सैयद लबीब राजा ने नौ चौके और एक छक्के की मदद से 65 रन बनाये। ब्रजेश सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 12 चौके और एक छक्के की मदद से 47 बाल पर 62 रन बनाये।

राइजिंग राजस्थान समिट से पहले सरकार का बड़ा फैसला

अजमेर को आईटी पार्क व लोहागल सर्विस रिजर्वायर के लिए भूमि आवंटित

माकड़वाली में 12.95 हैक्टेयर में बनेगा आईटी पार्क, लोहागल सर्विस रिजर्वायर के लिए 10 हजार वर्ग मीटर

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 3 दिसम्बर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के प्रयासों से अजमेर को दो बड़े तोहफे मिले हैं। राज्य सरकार ने राइजिंग राजस्थान समिट में निवेश प्रोत्साहन के लिए माकड़वाली गांव में आईटी पार्क भूमि आवंटन प्रस्ताव को मंजूदी दे दी है। यह पार्क 12.95 हैक्टेयर में बनेगा और इससे शहर में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसी तरह अजमेर उत्तर क्षेत्र की पेयजय समस्या के समाधान के लिए लोहागल गांव में सर्विस रिजर्वायर भूमि आवंटन को भी मंजूरी मिल गई है। यहां करोड़ों रूपए की लागत से 30 एमएलडी क्षमता का एस.आर. टैंक बनेगा। इससे पूर्व कोटड़ा में भी एस.आर. टैंक के लिए भूमि आवंटित हो चुकी है।विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर राज्य सरकार ने बजट में अजमेर के लिए आईटी पार्क और अजमर उत्तर क्षेत्र में पेयजल समस्या के निदान के लिए तीन सर्विस रिजर्वायर की घोषणा की थी। देवनानी के निर्देश पर रीको ने आईटी पार्क और जलदाय विभाग ने सर्विस रिजर्वायर के लिए एडीए से भूमि मांगी। अजमेर विकास प्राधिकरण ने आईटी पार्क के लिए माकड़वाली गांव के खसरा नम्बर 964 में 12.95 हैक्टेयर भूमि तथा सर्विस रिजर्वायर के लिए लोहागल के खसरा नम्बर 1965/898 (पुराना 832) में से 10 हजार वर्गमीटर भूमि आरक्षित कर नगरीय विकास विभाग को भेजी। देवनानी के निर्देश पर नगरीय विकास विभाग ने इन दोनों बजट घोषणाओं के लिए भूमि आवंटन किया है। नगरीय विकास के शासन उप सचिव श्री राकेश कुमार गुप्ता ने भूमि आवंटन संबंधी आदेश जारी किए हैं।

प्रदेश का पहला आईटी पार्क, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर– राज्य सरकार ने इसी माह के द्वितीय सप्ताह में जयपुर में होने वाली राइजिंग राजस्थान समिट से पहले अजमेर के आईटी पार्क के भूमि आवंटन को मंजूरी दे दी है। इससे राइजिंग राजस्थान में आने वाली आईटी कंपनियों से अजमेर आईटी पार्क के लिए निवेश प्रस्ताव लेना आसान हो जाएगा। गौरतलब है कि अजमेर आईटी पार्क में देश की नामी कंपनियों के डाटा सेन्टर, कॉल सेन्टर व कॉर्पोरेट ऑफिस लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसस अजमेर में भी युवाओं के लिए आईटी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर बनेंगे। इसके साथ ही यहां होटल इंडस्ट्री, हॉस्टल, रेस्टोरेंट, ऑटो, निर्माण व इससे जुड़े रोजगार के अनेक अवसर पैदा होंगे। अजमेर के आईटी पार्क को सर्व सुविधाओं से लैस बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

अंतिम छोर पर समाप्त होगी पानी की समस्या

» राज्य सरकार ने बजट घोषणा में अजमेर शहर की पेयजल समस्या के निराकरण के लिए 270 करोड़ रूपए की योजनाएं स्वीकृत की थी। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए निरंतर बैठकें ली और विभिन्न विभागों से संबंधित कामकाज को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। इन निर्देशों की पालना में अजमेर विकास प्राधिकरण ने लोहागल में सर्विस रिजर्वायर के लिए भूमि आरक्षित कर दी।जलदाय विभाग के अधिकारियों ने बताया कि टैंक स्थापित करने के बाद आस—पास के क्षेत्रों के करीब 50 हजार लोगों तक पूरे प्रेशर से जलापूर्ति होगी। इस टैंक तक पानी की सप्लाई नसीराबाद से विशेष रूप से डाली जा रही पाइप लाइन से होगी। यह पाइप लाइन बीसलपुर से आ रही मेन लाईन से कनेक्टेड होगी यानि अजमेर उत्तर के अंतिम छोर तक पानी सीधा आएगा और उसे कहीं और कनेक्ट नहीं किया जाएगा। एस.आर. में पानी की उपलब्धता सदैव बनी रहेगी।गौरतबल है कि राज्य सरकार ने बजट में अजमेर की पेयजल समस्या के समाधान के लिए 270 करोड़ रूपए की योजनाएं स्वीकृत की हैं। इस राशि से अजमेर में नसीराबाद से नौसर कोटड़ा तक पाइप लाइन और कोटड़ा, पृथ्वीराज नगर एवं लोहागल में सर्विस रिजर्वायर बनाए जाने हैं। कोटड़ा में एस.आर. टैंक के लिए पूर्व में ही भूमि आवंटित हो चुकी है।

कार्लोस अल्काराज और टेलर फ्रिट्ज टूर्नामेंट के पहले खिलाड़ी घोषित

नई दिल्ली। एजेंसी

कार्लोस अल्काराज और टेलर फ्रिट्ज, लेवर कप के आठवें संस्करण के लिए पहले खिलाड़ी हैं, जिसका आयोजन 19-21 सितंबर, 2025 तक सैन फ्रांसिस्को के चेस सेंटर में किया जाएगा। हाल ही में बर्लिन में हुए लेवर कप 2024 में स्पेन के अल्काराज और अमेरिकी फ्रिट्ज ने टेनिस प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके बीच हुए इस रोमांचक मैच में अल्काराज विजयी हुए और प्रतियोगिता के 12वें मैच में टीम यूरोप की जीत पक्की हो गई। जैसे ही टीम यूरोप ने जीत हासिल की, इसने अगले साल के टूर्नामेंट में इन दो उभरते सितारों के बीच फिर से प्रतिद्वंद्विता के लिए मंच तैयार कर दिया।

महज 21 साल की उम्र में, अल्काराज ने टेनिस इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। 2022 में, वह यूएस ओपन में सबसे कम उम्र के विश्व नंबर 1 और पहले किशोर ग्रैंड स्लैम चैंपियन बन गए। कई एटीपी खिताब, दो विंबलडन चैंपियनशिप (2023 और 2024), एक रोलैंड गैरोस खिताब (2024) और एक ओलंपिक रजत पदक के साथ उनकी तेजी से बढ़ती लोकप्रियता जारी रही है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 8-6 से हराया

जीत के बावजूद भारत नॉकआउट चरण में पहुंचने में असफल रहा

नई दिल्ली। एजेंसी

भारत ने मंगलवार को चीन के चेंगदू में आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप 1 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 8-6 से हरा दिया। हालांकि जीत के बावजूद भारत नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा। इससे पहले, भारत टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में अमेरिका से 3-8 से और दूसरे मैच में चीन से 0-8 से हार गया था। कुल आठ गेम जीतने वाली पहली टीम मैच जीतती है। जहां चीन तीन मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा, वहीं अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और भारत एक-एक जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

हालांकि, जीते गए खेलों और हारे हुए खेलों के बेहतर अनुपात के कारण अमेरिकी दूसरे स्थान पर रहे और नॉकआउट के लिए योग्य रहे। भारत ने शरथ कमल, मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला जैसे उच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के बिना टूर्नामेंट खेला। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरूआती मिश्रित युगल मैच में पृथा वर्तिकर और जीत चंद्रा को फिन लू और जियान फैंग ले के खिलाफ 2-1 (11-8, 11-3, 8-11) से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में कॉन्स्टेंटिना साइहोगियोस ने यशस्विनी घोरपड़े को 2-1 (13-11, 10-12, 11-6) से हराया। इसके बाद स्नेहित सुरवज्जुला ने पुरुष एकल में निकोलस लुम को 2-1 (11-6, 9-11, 11-7) से हराकर भारतीय वापसी की शुरूआत की।

सुरवाज्जुला और चंद्रा ने पुरुष युगल में लुउ और लुम को 2-1 (11-8, 10-12, 11-9) से हराया। निर्णायक महिला युगल में वर्तिकर और घोरपड़े ने साइहोगियोस और ले पर 2-0 (11-8, 11-7) की जीत के साथ मुकाबला समाप्त किया। भारतीय टीम में मानुष शाह, मानव ठक्कर, पोयमंती बैस्या और सयाली वानी भी थे।

बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ग्रीव्स, जंगू वेस्टइंडीज की टीम में शामिल

नई दिल्ली। एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज आमिर जंगू को बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की वनडे टीम में पहली बार शामिल किया गया है। ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स की भी वनडे टीम में वापसी हुई है, जिन्हें पिछले महीने की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज से बाहर रखा गया था। जंगू और ग्रीव्स दोनों को घरेलू सुपर 50 एकदिवसीय टूर्नामेंट में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। यह टूर्नामेंट पिछले महीने के अंत में असाधारण परिस्थितियों में संपन्न हुआ था, जब दो फाइनलिस्ट, बारबाडोस प्राइड और जमैका स्कॉर्पियन्स ने टॉस के लिए नहीं आने और फाइनल को छोड़ने का फैसला किया था। त्रिनिदाद और टोबैगो के लिए खेलने वाले जंगू ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर सात पारियों में 89.20 की औसत से 446 रन बनाए, जिसमें तीन अर्द्धशतक और एक शतक शामिल है। इस बीच, ग्रीव्स रन बनाने की सूची में दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने पांच पारियों में 133.66 की औसत से 401 रन बनाए, जिसमें तीन बैक टू बैक शतक शामिल हैं। उन्होंने पिछले हफ़्ते बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में अपना पहला टेस्ट शतक भी लगाया था, जिसे वेस्टइंडीज ने 201 रन से जीता था। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा, ग्रीव्स शीर्ष छह में कहीं भी बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं और टीम में वह वास्तविक ऑलराउंड क्षमता लाते हैं, जिसका इस स्तर पर स्वागत किया जाता है। सीजी यूनाइटेड सुपर 50 में जंगू की कुशलता हमारी बल्लेबाजी इकाई में एक और आयाम लाने के लिए उनके लचीलेपन को दशार्ती है।

वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से जीतने वाली टीम से हेडन वॉल्श और ज्वेल एंड्रयू को बाहर रखा है। विज्ञप्ति में आगे कहा गया है कि एंड्रयू ₹उभरते क्षेत्रीय बल्लेबाजों के समूह₹ में शामिल होंगे जो चेन्नई अकादमी में बल्लेबाजी शिविर में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा करेंगे, जिसमें मुख्य ध्यान स्पिनिंग परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने पर होगा। सैमी ने कहा हम पुरुषों के 50 ओवर के विश्व कप के मुख्य लक्ष्य की ओर बढ़ना जारी रखते हैं। जहां हम श्रृंखला जीतने के अल्पकालिक उद्देश्यों के साथ-साथ खिलाड़ियों के पूल को व्यापक बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ वनडे के लिए वेस्टइंडीज की टीम-

शाई होप (कप्तान), ब्रैंडन किंग (उप-कप्तान), कीसी कार्टी, रोस्टन चेस, मैथ्यू फोर्ड, जस्टिन ग्रीव्स, शिमरोन हेटमायर, आमिर जंगू (विकेट कीपर), अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड।

संक्षिप्त समाचार

चैंपियनशिप मैच संपन्न

चमकता राजस्थान। जयपुर। सवाई मानसिंह स्टेडियम में एस फ ए स्क्वैश चैंपियनशिप 2ल्ल दिसम्बर 2024 को थी कोच खांगा राम चौधरी ने बताया बॉयज अंडर 9 फ़ाइनल में माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के आदविक मुंजाल ने जयश्री परिवाल स्कूल के हार्विन सेंटिया 4-11,11-4,8-11,11-8,7- 11,से हार का सामना करना पड़ा और सिल्वर मेडल अपने नाम किया गर्ल्स अंडर 13 सेमी फ़ाइनल में माहेश्वरी पब्लिक स्कूल की हानिका जुनेजा सेंट जेवियर्स स्कूल की राशि चौधरी से 11-7,11-4,11-1से हार का सामना करना पड़ा और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। बॉयज अंडर 13 में सेमी फ़ाइनल मे माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के समर देवरवाल को नीरज मोदी स्कूल के शलोक सोमानी ने 11-5,11-6,11-8 हार का सामना करना पड़ा और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल अशोक वैद ने कोच एवं खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवम शुभकामनाएं दीं

प्रदेश की भजनलाल सरकार ने की डी.एल.सी.रेटों में वृद्धि इससे आमजन है परेशानः आर आर तिवाड़ी

चमकता राजस्थान। जयपुर। राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा चुनाव जीतने के लम्बे अरसे के बाद मंगलवार देर शाम प्रदेश की डी.एल.सी.रेटों को 15 प्रतिशत से 50 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की ऐसा माना जाता है कि आजतक पूर्ववर्ती किसी भी सरकार ने डी.एल.सी.रेट को 10 प्रतिशत से ज्यादा कभी नही बढ़ाया रेट में एकदम से वृद्धि होने पर मध्यमवर्गीय वर्ग का आशियाना बनाने का सपना हुआ चूर - चूर इसपर जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आर आर तिवाड़ी ने जताया विरोध एवं जिलाधीश महोदय से जल्द ही इन रेटों को कम करने की माँग की है अन्यथा जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी करेगी विरोध प्रदर्शन

रेजीडेन्ट वेलफेयर सोसायटी के चुनाव सम्पन

चमकता राजस्थान। जयपुर। महिमा पनोरमा जगतपुरा, जयपुर की रेजीडेन्ट वेलफेयर सोसायटी के 850 फ्लैट्स की प्रबन्धन कमेटी के

चुनाव सम्पन हुए ।
चुनाव अधिकारी प्रोफेसर अजय कुमार मीना ने बताया कि सभी पदों पर पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध सम्पन हुया । अध्यक्ष पद पर श्री अजय कुमार मीना, उपाध्यक्ष निधीश पारीक, सचिव अंकुर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नमो नारायण तथा तीनों कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध चुने गए।
चुनाव अधिकारी ने नवनिर्वाचित सदस्यों को कर्तव्य एवं निष्ठा की शपथ दिलवाई तथा कार्यकारिणी के पूर्व सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया । नव निर्वाचित कार्यकारणी ने कार्य भार ग्रहण कर सोसायटी का कार्य करना शुरू कर दिया है।

धौलपुर में जिला स्तरीय पुलिस सम्मेलन, अपराध नियंत्रण पर चर्चा

चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण। धौलपुर में 58वें महानिदेशक/महानिरीक्षक पुलिस सम्मेलन-2023 की सिफारिशों के तहत जिला स्तरीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन आज मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मेलन में अपराधों पर अंकुश, कानून- व्यवस्था और जन-सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सम्मेलन में शामिल सभी थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले के आला पुलिस अधिकारियों ने अपराध नियंत्रण और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

वन विभाग ने अवैध खनन परिवहन करते ट्रेक्टर ट्राली किए जब्त

चमकता राजस्थान। वैर (राजवीर सिंह)। भरतपुर जिले की उपखंड मुख्यालय वैर क्षेत्र में उपवन संरक्षक भरतपुर एंव क्षेत्रीय वन अधिकारी बयाना के निर्देशन मे खनन के विरूद्ध वनपाल नाका सीताछेड ने कार्यवाही कर एक टैक्टर मय ट्रॉली खंडा पत्थर से भरी हुई को राज. वन अधिनियम के तहत

जप्त किया गया नरेश सैनी फॉरेस्टर ने बताया की वन खंड उमरेड़ के गांव खेर्रा की वन भूमि की पहाड़ी से अवैध रूप से खनन पत्थर खण्डा चोरी छिपे भर कर अवैध परिवहन करते हुए एक टैक्टर मय ट्रॉली पत्थर खण्डा से भरी हुई को राज. वन अधि. के तहत जप्त किया कार्यवाही जारी है कार्यवाही से अवैध खनन कर्ताओं में हड़कंप मच गया कार्यवाही में नरेश सैनी फ़ॉरेस्टर,रविन्द्र सिंह,हरिओम सैनी, लखन सिंह मौजूद रहे।

गंगधार थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना

जेताखेड़ी गांव में पति पत्नी ने अपने दो बच्चों के साथ सामूहिक आत्महत्या की

चमकता राजस्थान/रमेश मोदी

झालावाड़। जिले के गंगधार थाना क्षेत्र के जैता खेड़ी गांव में हृदय विदारकक घटना ने जिले वासियों को झकझोर कर रख दिया है। झालावाड़ जिले के गंगधार थाना क्षेत्र के जैता खेड़ी में पति-पत्नी सहित उनके दो बच्चों के आत्महत्या किए जाने की खबर के बाद हर कोई सकते में है। गंगधार थाना क्षेत्र के जैता खेड़ी निवासी नागु सिंह उसकी पत्नी संतोष बाई और दो बच्चों की मौत हो गई है। जब लोगों को घटना की जानकारी मिली तो देखा कि नागु सिंह उसकी पत्नी संतोष बाई और बड़ा पुत्र

जिला पुलिस अधीक्षक पहुँची मौके पर

युवराज फांसी के फंदे पर लटके हुए थे, जबकि 2 वर्षीय छोटा पुत्र पलंग पर मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी मिलने पर इलाके में कोहराम मच गया और लोगों ने पुलिस को सूचित किया, बाद में गंगधार पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतकों के शवों को अपने कब्जे में लेकर चोमेहला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने प्रेस वार्ता में बताया कि मामला गृह कलेश से संबंधित बताया जा रहा है। मौके पर एक सुसाइड नोट मिलने की बात भी सामने आ रही है। लेकिन पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच के बाद ही घटना खुलासा हो सकेगा , फिलहाल पुलिस की और से कोई पुष्टि नहीं की गई है ऐसे में आत्महत्या के कारणों का खुलासा फिलहाल नहीं हो पाया है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संभवतःजमीन बेचने की बात को लेकर भी घटना का कारण हो सकता है। यदि घटनास्थल के दृश्य की बात करें तो वहां सबसे छोटे बालक का शव पलंग पर पड़ा हुआ मिला है, जिसके भी गले पर रस्सी जैसे निशान बताए जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि छोटे बालक की मौत पहले हो गई थी, संभवतया उसके शव को उतार कर किसी ने पलंग पर लिटाया है, जबकि तीन अन्य फांसी के फंदे पर लटके हुए मिले हैं। जिनको उतार कर अस्पताल पहुंचाया गया था।

केंद्र की "पीएम प्रणाम योजना" से आर्गेनिक खेती को मिलेगा बढ़ावा, रासायनिक उर्वरकों की खपत होगी कमः मदन राठौड़

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने "पीएम प्रणाम योजना" को लेकर लगाया सवाल, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने दिया जवाब

चमकता राजस्थान

जयपुर। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में लगातार एक के बाद एक योजनाओं को शुरू कर रहे है। इसी कड़ी में "पीएम प्रणाम योजना" भी किसानों के लिए कारगर साबित तो रही है। पीएम प्रणाम योजना से जहां आर्गेनिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर खेती में रासायनिक उर्वरक जैसे यूरिया, डीएपी का उपयोग भी कम होगा। आर्गेनिक फसल से जहां किसानों की आय बढेगी, वहीं

दूसरी ओर आमजन के स्वास्थ्य में भी लाभ होगा। राठौड़ ने बताया कि पीएम प्रणाम योजना को लेकर राज्यसभा में सवाल के जवाब में रसायन और उर्वरक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने यह जानकारी दी है। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार ने आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 28 जून, 2023 को "धरती के पुर्नरुद्धार, जागरूकता सृजन, पोषण और सुधार के लिए पीएम कार्यक्रम (पीएम-प्रणाम)" को स्वीकृति दी है। पीएम प्रणाम योजना का मुख्य उद्देश्य वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देना, आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देना और संसाधन संरक्षण प्रौद्योगिकी को लागू करके धरती माता के स्वास्थ्य को बचाना है। देश के सभी राज्यों एवं संघ शासित प्रदेश में इस योजना को शुरू किया गया है।

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से जैव उर्वरक और जैव समृद्ध आर्गेनिक खादों का उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे है। राठौड़ ने बताया कि "पीएम प्रणाम योजना" के तहत रासायनिक उर्वरकों (यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी) की खपत में पिछले 3 वर्षों की औसत खपत की तुलना में कमी करके बचाई गई उर्वरक सब्सिडी का 50 प्रतिशत अनुदान के रूप में उस राज्य को दिया जाता है। इस अनुदान का उपयोग राज्य के लोगों के लाभ के लिए कर सकते हैं जिसमें किसान भी शामिल हैं।

चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित

- कावडियों ने देवयानी के जल से किया जलाभिषेक। भव्य श्रृंगार के साथ महा आरती व पंगत प्रसादी



चमकता राजस्थान। फुलेरा (दामोदर कुमावत)। स्थानीय श्रीराम नगर स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में नवीन मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह माली समाज अध्यक्ष तेजकरण सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फुले बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सैनी रहे। वही विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, बंधे बालाजी सैनी समाज धर्मशाला समिति के अध्यक्ष अमरचंद सैनी, प्राचार्य टीकम मालाकार, गौरीशंकर सैनी, पूर्व सैनी समाज अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी रहे। कार्यक्रम संतो महंतो के सानिध्य में हुआ। संस्था के महामंत्री एडवोकेट राहुल सैनी ने बताया कि प्रातःकाल विद्वान पंडितो द्वारा पूजा अर्चना एवं मंत्रों द्वारा मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा व हवन की पूर्णाहुति दी गई। इससे पूर्व समिति के सांस्कृतिक मंत्री बाबूलाल अजमेरा के सानिध्य देवयानी सरोवर से समाज के युवा युवतियों ने विशाल कांवड़ यात्रा के द्वारा चमत्कारेश्वर महादेव पर जलाभिषेक किया गया। तथा भव्य श्रृंगार कर महाआरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि चंद्र प्रकाश सैनी ने समाज को संगठित रहकर सहयोग करने को कहा, जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने आयोजन कर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि मंदिर का जीर्णोद्धार एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही भव्य तरीके से किया गया है जो संगठित समाज की देन है उन्होंने उपस्थित संतों महंतों एवं बुजुर्गों के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम की सफलता की सराहना की। समिति के कोषाध्यक्ष गणेश लाल खडोलिया ने बताया कि मंदिर जीर्णोधार में समाज बंधुओं ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया। इसमें समाज के सेकंडों प्रबुद्धजन और मातृ शक्तियां मौजूद रही। अंत में पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने सभी का आभार जताया।

विदेश में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 4 लाख रूपये ठगने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

भुसावर (राजवीर सिंह) ।थाना पुलिस ने विदेश में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 4 लाख रूपये ठगने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।
सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि 6 जून 2024 को गांव घाटरी निवासी विजयसिंह पुत्र रामजीलाल ने करसौली (हिण्डौनसिटी) निवासी तेजसिंह के खिलाफ विदेश में नौकरी लगाने का झांसा देकर 4 लाख रूपये धोखाधडी पूर्वक हडप लेने का एक मामला थाना भुसावर में पंजीबद्ध कराया था। उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी तेजसिंह पुत्र हुकमसिंह जाति माली उम्र 46 साल निवासी करसौली थाना सदर हिण्डौनसिटी जिला करौली को गिरफ्तार किया गया है।

लगभग 10 हजार प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

रन फॉर विकसित राजस्थान 12 दिसंबर को

चमकता राजस्थान

जयपुर। राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 12 दिसंबर को जयपुर में 'रन फॉर विकसित राजस्थान-2024' (रवि-राज) का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा तथा खेल मंत्री, राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ प्रातः 8 बजे जनपथ स्थित अमर जवान ज्योति से रन फॉर राजस्थान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।
युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव डॉ. नीरज कुमार पवन ने आज मंगलवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में 'रन फॉर विकसित राजस्थान' कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक ली और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागियों का भाग लेना सुनिश्चित करने और उनके लिए सभी आवश्यक

पैरा ओलिंपिक-2024 एवं एशियन व पैरा एशियन

गेम्स-2023 के पदक विजेता खिलाड़ी होंगे भी होंगे सम्मानित

सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आपसी समन्वय से कार्य करें।
उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मार्ग अमर जवान ज्योति से एसएमएस स्टेडियम का पूर्ण चक्कर लगाकर टोंक रोड, रामबाग सर्किल, डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्किल से अमर जवान ज्योति रहेगा। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, भारत/हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड, पुलिस, आरएसी, सेना, होमगार्ड, विभिन्न कर्मचारी संघ, एनजीओ और आमजन सहित लगभग 10 हजार प्रतिभागी रवि-राज कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।
डॉ. नीरज कुमार पवन ने बताया कि इस अवसर पर पेरिस पैरा ओलिंपिक-2024 एवं एशियन गेम्स व पैरा एशियन गेम्स-2023 के पदक विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा।

बैंडवादन व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन

डॉ. पवन ने बताया कि कार्यक्रम में सेना, पुलिस, आरएसी, स्काउट एंड गाइड आदि संस्थाओं द्वारा बैंडवादन सहित राजस्थानी लोक कलाकारों के नृत्य की विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के उपलक्ष्य में 12 दिसंबर 2024 से 12 जनवरी 2025 को ₹विवेक मासर₹ के रूप में मनाया जायेगा। इस पूरे महीने सम्पूर्ण प्रदेश में खेल प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। बैठक में डीसीपी ट्रैफिक सागर, युवा मामले एवं खेल विभाग की अनीता मीणा, जयपुर एडीएम श्री आशीष कुमार, क्रीडा परिषद् के सचिव श्री राजेंद्र सिंह सिसोदिया, नगर निगम ग्रेटर के उपायुक्त प्रियव्रत सिंह चारण, युवा बोर्ड के सदस्य सचिव श्री कैलाश चंद पहाड़िया, पर्यटन विभाग से उप निदेशक उपेन्द्र सिंह शेखावत, डीओआईटी से विनीता श्रीवास्तव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कौशल नियोजन, स्काउट गाइड, हायर एजुकेशन आदि सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929